आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11 । अंक 70 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर बुधवार, 12 मार्च, 2025

## शॉट न्यूज

### गवर्नर मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100-200 के नोट आएंगे

**मुंबई** । भारतीय रिजर्व बैंक जल्द ही गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के बैंक नोट जारी करेगा। आरबीआई ने मंगलवार को कहा, "इन नोटों का डिजाइन सभी तरह से महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 100 और 200 रुपये के नोटों के समान है। पूर्व में जारी किए गए 100 रुपये और 200 रुपये मूल्यवर्ग के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। मल्होत्रा ने दिसंबर 2024 में आरबीआई गवर्नर का पद संभाला है।

### तनिष्क शोरूम में लूट के दो आरोपी गिरफ्तार,जेवरात मिले

**आरा**। बिहार के आरा शहर में तनिष्क ज्वेलरी शॉप में हुई बड़ी लूटका पुलिस ने महज 24 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है और उनसे लूटे गए जेवरात, तीनों बैग और गार्ड की रायफल समेत अन्य महत्वपूर्ण वस्तुएं बरामद की हैं। एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि तनिष्क शोरूम और आसपास के कुछ लोग इस लूट में शामिल हो सकते हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

### कैटरीना कैफ ने किया सर्प संस्कार पूजा अनुष्ठान

**बेंगलुरू** । बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के श्री कुक्के सुब्रह्मण्य मंदिर में पूजा-अर्चना की और साथ ही वहां सर्प संस्कार पूजा में हिस्सा भी लिया। मंदिर अधिकारियों ने बताया कैटरीना अपने दोस्तों के साथ मंदिर पहुंचीं और वहां पर उन्होंने सर्प संस्कार पूजा की, जो आमतौर पर किसी की संपत्ति पर या फिर किसी के पूर्वजों द्वारा नाग देवता की मृत्यु के प्रायश्चित के रूप में की जाती है। ये पूजा दो दिन तक चलेगी।

### जम्मू कश्मीर : JKIM पर पांच साल के लिए प्रतिबंध

**जम्मू**। गृह मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर इत्तिहादुलमुस्लिमीन को एक अवैध संघ घोषित कर दिया है और अगले पांच वर्षों तक उसे तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है। मंत्रालय ने आरोप लगाया है कि यह संगठन अवैध गतिविधियों में संलिप्त है, जो देश की एकता, संप्रभुता और सुरक्षा के लिए हानिकारक हैं। गृह मंत्रालय ने जारी किए गए एक आदेश में कहा किजेकेआईएम देश के खिलाफ कार्य कर रहा है और इसके कार्यों से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो रहा है।

### केजरीवाल पर 5 साल पुराने मामले में FIR का आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को झटका देते हुए 2019 में द्वारका में बड़े होर्डिंग लगाने के लिए कथित तौर पर सार्वजनिक धन का दुरुपयोग के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया है। बताया जा रहा है कि होली के बाद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। कोर्ट ने अपने आदेश में ये स्पष्ट किया कि केजरीवाल और पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला बनता है। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि 156(3) CRPC के तहत याचिका मंजूर की जाती है। कोर्ट ने द्वारका साउथ पुलिस को इस मामले में एफआईआर दर्ज कर 18 मार्च तक एसएचओ को अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस हुई हाइजैक

# बलूच लिबरेशन आर्मी ने 182 यात्रियों को बनाया बंधक, 20 जवानों की मौत

### एयर स्ट्राइक पर चेतावनी, बलूचिस्तान में आपातकाल घोषित

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

**हाइजैक**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने क्वेटा से पेशावर के बीच चलने वाली जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया है। बीएलए ने बताया कि उन्हें 182 यात्रियों को बंधक बनाया और दावा किया कि अब तक 20 पाकिस्तानी सैन्यकर्मी मारे जा चुके हैं। साथ ही ट्रेन का ड्राइवर गोली लगने से घायल है। एक ड्रोन को भी मार गिराया है। ट्रेन को हाईजैक करने के बाद बीएलए ने जारी किए अपने बयान में शहबाज सरकार को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पाक आर्मी उनके खिलाफ एक्शन लेती है तो वह सभी बंधकों को मार देंगे। बलूच लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जेयंद बलूच ने कहा, 'बलूच लिबरेशन आर्मी ने मश्कफ, धादर, बोलन में एक सुनियोजित ऑपरेशन को अंजाम दिया है, जहां हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया है, जिससे जाफर एक्सप्रेस को रुकना पड़ा। सैनिकों ने तुरंत ट्रेन पर कब्जा कर लिया और सभी यात्रियों को बंधक बना लिया। इस ट्रेन में लगभग 500 यात्री सवार थे। इनमें से महिलाओं, बच्चों और बलूच नागरिकों को रिहा कर दिया गया है। जबकि 182 यात्री अभी भी बंधक हैं। बीएलए का दावा है कि पाकिस्तानी सेना, पुलिस, आईएसआई और एटीएफ के सभी कर्मी - जो पंजाब में छुट्टी पर हैं, उन्हें बंधक बनाया गया है।

**गंभीर होंगे सैन्य ऑपरेशन के नतीजे** - बीएलए ने अपने बयान में शहबाज शरीफ सरकार को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पाकिस्तानी आर्मी कोई ऑपरेशन करने की कोशिश की तो इसके नतीजे गंभीर होंगे। सभी बंधकों को मार दिया जाएगा और इस खून-खराबे की जिम्मेदारी पूरी तरह से पाक आर्मी की होगी। बीएलए ने दावा किया कि अब तक कुल 20 सैन्यकर्मी मारे जा चुके हैं और सैकड़ों यात्री अभी भी बीएलए के कब्जे में हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी इस ऑपरेशन की पूरी जिम्मेदारी लेती है। ये ऑपरेशन मजीद ब्रिगेड, एसटीओएस और बीएलए की स्पेशल यूनिट फतेह स्क्वाड द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जा रहा है।



### एयरस्ट्राइक नहीं रुकी तो...

इसके अलावा बीएलए ने अंतिम चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यदि एयर स्ट्राइक तुरंत नहीं रुकी तो अगले एक घंटे के अंदर सभी 100 से ज्यादा बंधकों को मार दिया जाएगा। पाकिस्तानी राज्य के सामने एक महत्वपूर्ण फैसला है या तो वह हवाई हमलों को रोककर सुरक्षित रिहाई के लिए बातचीत करे या फिर अपने 100 से अधिक सैनिकों को मौत के घाट उतारने का जोखिम उठाए। पाकिस्तानी ग्राउंड फोर्स ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने की कोशिश की, लेकिन बीएलए के लड़ाकों ने उन्हें खदेड़ दिया। बताया जा रहा है कि भीषण संघर्ष के बाद पाकिस्तानी सैनिकों को पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा और वो ट्रेन पर नियंत्रण पाने में फेल हो गए।

### सुबह क्वेटा से निकली थी ट्रेन

वहीं, रेलवे अधिकारियों का कहना है कि 9 कोच वाली जाफर एक्सप्रेस में सवार 450 यात्रियों और कर्मचारियों से कोई संपर्क स्थापित नहीं हो पाया है। ये ट्रेन सुबह 9 बजे क्वेटा से रवाना हुई थी। बोलान इलाके में ट्रेन सुरंग नंबर 8 के अंदर जैसे ही पहुंची तोट्रैक पर धमाका हो गया। ट्रेन पटरी से उतर गई और हमलावरों ने ट्रेन के इंजन पर फायरिंग की। इसमें ड्राइवर जख्मी हो गया। यह ट्रेन 34 घंटे 10 मिनट में 1,632 किलोमीटर (1,014 मील) की दूरी तय करती है।

### पाक मंत्री का बयान

पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने हमले की निंदा की और कहा कि सरकार निर्दोष यात्रियों पर गोली चलाने वाले दरिंदों के लिए कोई रियायत नहीं बरतेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, बीएलए के लोगों ने जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर गोलीबारी की, जिससे ड्राइवर घायल हो गया और ट्रेन में सवार सुरक्षा गार्डों ने भी जवाबी गोलीबारी की। रेलवे कंट्रोलर ने कहा, "ट्रेन को टनल नंबर 8 में हथियारबंद लोगों ने रोक लिया।

# पीएम मोदी ने मॉरिशस राष्ट्रपति को दिया महाकुंभ का अमृत जल

### मखाना और बनारसी साड़ी




**एजेंसी ● पोर्ट लुईस**

भारत और मॉरिशस के बीच ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीने मॉरिशस के राष्ट्रपति धरम गोखुल और उनकी पत्नी को विशिष्ट भारतीय उपहार भेंट किए। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति गोखुल को महाकुंभ के पवित्र संगम का जल और बिहार का सुपरफूड मखाना भेंट किया। राष्ट्रपति की पत्नी को बनारसी साड़ी भेंट की। पीएम मोदी ने मॉरिशस के राष्ट्रपति गोखुल को महाकुंभ का जल एक कांसे और पीतल के बर्तन में भेंट किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने मॉरिशस के राष्ट्रपति को बिहार का प्रसिद्ध सुपरफूड मखाना भी भेंट किया। मॉरिशस राष्ट्रपति की पत्नी को एक शानदार बनारसी साड़ी भेंट की, जिसमें बारीक सिल्क, जटिल ब्रोकेड और भव्य जरी काम का उपयोग किया गया है। साड़ी का रॉयल ब्लू रंग और चांदी की जरी से बनी डिजाइन इसे विशेष रूप से भव्य और आकर्षक बनाती है।

**पौधारोपण, राजकीय भोज**

राष्ट्रपति गोखुल से मुलाकात करने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरिशस पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम से भेंट की और दोनों नेताओं ने सर शिवसागर रामगुलाम बोटैनिकल गार्डन में एक पौधा लगाया।

### मॉरिशस का सर्वोच्च सम्मान



मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने पीएम नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'द ग्रांड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' से सम्मानित किया है। यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी को भारत और मॉरीशस के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके योगदान के लिए दिया गया है। मोदी इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं। यह 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है जो प्रधानमंत्री मोदी को किसी अन्य देश द्वारा दिया गया है। रामगुलाम ने कहा कि मोदी पांचवें विदेशी नागरिक हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है।

### राज्यसभा में खड़गे के बयान पर हंगामा

# बोले- 'क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे', फिर मांगी माफी

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

नई शिक्षा नीति और मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बयान पर मंगलवार को भी राज्यसभा में जोरदार हंगामा देखने को मिला। नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंत्री के बयान की निंदा की और जब उन्हें उपसभापति की ओर से बोलने से रोका गया तो खड़गे ने कहा कि यहां तानाशाही चल रही है। इस पर जब चेयर की ओर से उन्हें फिर से रोका गया तो खड़गे ने कहा कि क्या-क्या ठोकना है हम ठीक से ठोकेंगे, सरकार को ठोकेंगे।

**नड्डा ने की बयान की निंदा**- राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने खड़गे के बयान की निंदा करते हुए कहा कि नेता विपक्ष की ओर से आसन के लिए इस तरह की भाषा किसी भी रूप में स्वीकार नहीं है और इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने उपसभापति हरिवंश से मांग करते हुए कहा कि ऐसे शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटाया जाए। नड्डा के बयान के समर्थन में सत्तापक्ष के सांसद नारेबाजी करने लगे।



**खड़गे ने मांगी माफी**

इसके बाद खड़गे ने सदन में खड़े होकर कहा कि मैंने आसन के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने उपसभापति से कहा कि अगर आपको मेरी बातें से ठेस पहुंची है तो मैं इसके लिए माफी मांगताहूं। लेकिन मैंने ठोको शब्द का इस्तेमाल सरकार की नीतियों के लिए किया कि हम सरकार की नीतियों को ठोकेंगे। उन्होंने कहा कि आपसे माफी के लिए मैं तैयार हूं लेकिन सरकार से माफी नहीं मांगूंगा।

### नंदगांव में होली की धूम... जमकर उड़ा रंग गुलाल... मस्ती में डूबे भक्त...



मथुरा के नंद गांव में होली की रंगों और लट्ठों के साथ धूम मच गई। यह आयोजन बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली के दूसरे दिन हुआ, जहां नंद गांव के नंद भवन में विशेष रुप से होली खेली गई। इस दिन को विशेष महत्व दिया जाता है।


### नया बिल : भारत में विदेशियों की एंट्री पर सख्त नियम,खत्म होंगे 4 पुराने कानून

# अवैध अप्रवास पर 7 साल कैद और 10 लाख जुर्माने का प्रावधान

**एजेंसी ● पोर्ट लुईस**

**नियम**

घुसपैठ और अवैध अप्रवास रोकने के मकसद से लोकसभा में मंगलवार को अप्रवासन और विदेशी विधेयक 2025 पेश किया है। अमित शाह की तरफ से गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि किसी को देश में आने से रोकने के लिए यह बिल नहीं लाया गया है बल्कि इस बिल का मकसद है कि जो भी विदेशी भारत आएं वे यहां के नियमों का पालन करके ही आएं। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और टीएमसी के सौगत राय ने बिल का विरोध किया है। इस विधेयक का मकसद भारत के इमिग्रेशन नियमों को मॉडर्न बनाना और उन्हें मजूबत करना है। यह बिल भारत में दाखिल होने और यहां से बाहर जाने वाले व्यक्तियों के संबंध में पासपोर्ट या बाकी यात्रा दस्तावेजों की जरूरतों और विदेशियों से संबंधित मामलों को रेगुलेट करने की शक्तियां केंद्र सरकार को देगा। इनमें वीजा और रजिस्ट्रेशन की जरूरत और उससे संबंधित मामलों को शामिल किया गया है। इमिग्रेशन से जुड़ा यह विधेयक देश की सुरक्षा के लिहाज से काफी अहम है। इस विधेयक में कानूनी स्थिति साबित करने की जिम्मेदारी राज्य के बजाय व्यक्ति पर डाल दी गई है।



### नियम तोड़ने पर कड़ी सजा

प्रस्तावित कानून में इमिग्रेशन नियमों के उल्लंघन के लिए सख्त सजा का भी प्रावधान किया गया है। वैध पासपोर्ट या वीज़ा के बिना भारत में अवैध रुप से एंट्री करने पर पांच साल तक की कैद और 5 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। जाली दस्तावेज़ों का इस्तेमाल करने वालों को दो से सात साल तक जेल और एक लाख रुपये से 10 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। निर्धारित समय से अधिक समय तक रहना, वीज़ा शर्तों का उल्लंघन करना या प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश करने जैसे अपराधों के लिए तीन साल तक की कैद, 3 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। बिना उचित दस्तावेज के व्यक्तियों को लाने-ले जाने वाले ट्रांसपोर्ट को भी जवाबदेह ठहराया जाएगा। उन पर 5 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है ।

### चार पुराने कानूनों की लेगा जगह

प्रस्तावित कानून विदेशी अधिनियम 1946, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920, विदेशियों का पंजीकरण अधिनियम 1939 और आव्रजन (वाहक दायित्व) अधिनियम 2000 सहित कई औपनिवेशिक युग के कानूनों को बदलने की कोशिश है। ये कानून, मूल रुप से विश्व युद्ध के समय युद्धकालीन परिस्थितियों के लिए बनाए गए थे, अब पुराने हो चुके हैं। सरकार का तर्क है कि आव्रजन नियमों को आधुनिक बनाने और गैर जरुरी प्रावधानों को खत्म करने के लिए एक एकीकृत कानून की जरुरत है।

### उषा ठाकुर की मांग बुलडोजर चलाया जाए कलेक्टर ने दो आरोपियों पर रासुका लगायी

# शांति भंग करने वाले किसी भी उपद्रवी को छोड़ना मत : सीएम

**संवाददाता ● इंदौर**

भारत की जीत के बाद 9 मार्च, रविवार रात को महू (इंदौर) में हुए उपद्रव की घटना से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), मालवा प्रांत में गहरी नाराजगी है। इस मामले में संघ के पदाधिकारियों ने सीधे भोपाल में सीएम डॉ. मोहन यादव से बात की है। वहीं, सीएम डॉ. मोहन यादव ने भी फोन पर आला अधिकारियों से इसकी जानकारी ली। सीएम ने साफ शब्दों में कहा है कि शांति भंग करने वाले किसी भी उपद्रवी को छोड़ना मत। सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उधर, महू विधायक उषा ठाकुर भी अधिकारियों के साथ बैठक कर बुलडोजर कार्रवाई की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि जिसके भी अवैध निर्माण हो, दुकान हो, मकान हो उन पर बुलडोजर चलाया जाए। इसी दौरान कलेक्टर आशीष सिंह ने भी बड़ी कार्रवाई की है। महू में उपद्रव के दो आरोपियों, अपराधी सोहेल पिता शाहिद कुरेशी और एजाज़ पिता मोहम्मद रफीक़ पर रासुका लगायी । इसके लिए ग्रामीण एसपी हितिका वासल ने प्रतिवेदन भेजा था। शाहिद चैम्पियन्स ट्रॉफी में भारत की जीत के जुलूस के बाद सांप्रदायिक उन्माद पैदा करने का आरोपी है।

**कार्रवाई**

**सुनियोजित षड्यंत्र** – मंगलवार शाम महू में सकल हिंदू समाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। समाज के पंडित कपिल शर्मा ने खुलकर कहा कि यह सुनियोजित षड्यंत्र के तहत किया गया उपद्रव है। पहले भीड़ एक जगह पथराव करती है, फिर दूसरी जगह जाकर वाहनों को आग लगाती है। जानबूझकर सीसीटीवी जलाए जाते हैं, चेहरों को छिपाया जाता है। जब उनसे जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद जाबिर द्वारा लगाए गए आरोप पर सवाल किया गया कि विजयी जुलूस के दौरान सुतली बम मस्जिद में फेंका गया, तो उन्होंने कहा कि इसके सबूत पेश करें। पंडित शर्मा ने कहा कि सभी के पास एक-दो नहीं बल्कि दर्जनों वीडियो हैं, जिनमें उनके पक्ष द्वारा पथराव करने, आगजनी करने की घटनाएं साफ दिख रही हैं। अगर मस्जिद में सुतली बम फेंका गया था, तो इसका कोई वीडियो सबूत दिया जाए। ऐसा कुछ हुआ ही नहीं।

**मौलाना की भूमिका की भी जांच हो** – पंडित शर्मा ने कहा कि क्या जुलूस में लोग जेब में पत्थर लेकर चलेंगे? इतने बड़े पत्थर कहां से आए? क्या इन्हें पहले से जमा किया गया था? यह पूरी तरह से सुनियोजित षड्यंत्र है। उन्होंने मौलाना की भूमिका की भी जांच की मांग उठाई और कहा कि जब यह घटना हुई, तब वह कहां थे और क्या कर रहे थे? इसे जांचा जाना चाहिए। यह देश संविधान से चलेगा, शरिया कानून से नहीं।



**कलेक्टर को दिया गया ज्ञापन**

इंदौर में विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री यज्ञेश राठी ने कलेक्टर आशीष सिंह को ज्ञापन दिया और इसमें सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि महू में हुई घटना दुखद है। मस्जिद से बाहर आए लोगों ने राष्ट्रवादी युवकों पर पत्थरों से सुनियोजित तरीके से हमला किया, जिससे शहर की शांति भंग हुई। कलेक्टर ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। डीआईजी निमिष अग्रवाल ने बताया कि जामा मस्जिद के सामने से जुलूस निकलते समय तनाव की स्थिति बनी। फिर वहां से जो झगड़ा शुरु हुआ वह पूरे शहर में फैल गया। सुतली बम फेंकने के संबंध में हमें अभी तक कोई प्रमाण नहीं मिला है। मस्जिद और अन्य स्थानों पर इतने अधिक पत्थर कहां से आए इस बारे में भी विवेचना कर रहे हैं।

### मस्जिद के अंदर से कुछ लोग तेजी से निकले और भीड़ पर हमला कर दिया

रविवार रात को महू में हुए विवाद का नया वीडियो सामने आया है। 5 मिनट का यह वीडियो घटना के तीसरे दिन मंगलवार शाम को सामने आया। वीडियो में दिख रहा है कि मैच के बाद कुछ लोग बाइक पर बैठकर हाथ में तिरंगा लेकर जामा मस्जिद के सामने से निकल रहे हैं। इस दौरान वे भारत माता की जय के नारे लगा रहे हैं। इनमें से कुछ लोगों के हाथ में ढोल भी हैं। इसी समय मस्जिद के गेट पर खड़ा एक शख्स दोनों हाथ उठाकर अंदर से लोगों को बुला रहा है। मस्जिद के अंदर से कुछ लोग तेजी से निकलकर बाहर आए और नारेबाजी कर रहे लोगों पर हमला कर दिया। इनके हाथ में डंडे और पत्थर थे। कुछ ही देर में नारेबाजी करने वालों को चारों ओर से घेर लिया और लोगों को पीटने लगे। मस्जिद के सामने बनी एक बिल्डिंग की छत से एक महिला इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना रही थी। वह बीच-बीच में धार्मिक शब्द भी बोल रही थी।जैसे ही भीड़ को अंदर से आते देखा कहने लगी मारो-मारो। इसके बाद उसने पूरे रास्ते में जो भी हुआ, उसका वीडियो बनाया। जुलूस के रुप में निकल रहे लोगों के बीच सड़क से एक युवक मस्जिद की ओर बढ़ा। दरवाजे पर जाकर वहां खड़े पांच बच्चों और एक युवक को अंदर जाने का इशारा करता दिख रहा है।

## शॉट न्यूज

### 18 वाहनों से वसूला 51 हजार का जुर्माना

**इंदौर।** कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय लोक परिवहन वाहन बसों, स्कूली वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग कर रहा है। इंदौर-इंडोरामा, इंदौर -पीथमपुर सागौर कुटी रूट की बसों की सघन चेकिंग में वाहनों के फ़िटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र चेक किये गये। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की गई। वाहनों पर HSRP नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित किया गया। वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की गई। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, सवारियों से अधिक किराया लेने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों के साथ ही लोक परिवहन वाहनों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 18 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। इस दौरान 51 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

### महंगी होगी शराब, शासन ने वेट टैक्स भी बढ़ाया

**इंदौर।** शराब दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया इंदौर सहित अधिकांश जिलों में चल रही है। 80 फीसदी दुकानों को 20 प्रतिशत अधिक मूल्य पर नवीन करने का विकल्प दिया गया, उसमें इंदौर में सफलता मिली है। वहीं शासन ने 10 फीसदी वैट टैक्स भी बढ़ा दिया, जिसके चलते आगामी वित्त वर्ष में शराब के दामों में 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि होगी। इस बार पूरे जिले का आरक्षित मूल्य 1781 करोड़ 51 लाख रुपए तय किया गया, जिसमें से 139 दुकानों के नवीनीकरण प्रस्तावों के चलते 1476 करोड़ का राजस्व मिलना तो सुनिश्चित हो गया है। वहीं शराब की कीमतें भले ही हर साल बढ़ती रहे मगर दूसरी तरफ उसकी खपत में कमी होने के बजाय उल्टा बढ़ोतरी हो रही है। दूसरी तरफ शासन ने 10 प्रतिशत वैल्यू एडिट टैक्स बढ़ाने का भी निर्णय लिया।

### पुलिस ने बदमाशों को रेड नोटिस दिए

**इंदौर।** आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड में है और अपराधियों पर नजर बनाए हुए है।परदेशीपुरा थाने में पुलिस ने बदमाशों को रेड नोटिस दिए हैं। क्षेत्र के बदमाशों को पकड़ा और थाने लाकर उनके हाथों में रेड नोटिस थमा दिया गया। टीआई ने सभी को थाने के बाहर खड़ा कर सख्त चेतावनी दी कि वे त्योहार के दौरान अपने घरों में ही रहें और किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त न हों। यदि कोई अपराध किया गया, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीआई आर.डी. कानवा ने बताया कि जिन अपराधियों पर दो या अधिक केस दर्ज हैं, उन्हें रेड नोटिस देकर सूचित किया गया है। यदि वे किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए गए, तो बाउंड ओवर उल्लंघन की कार्रवाई की जाएगी। अब तक 20 से अधिक बदमाशों को रेड नोटिस दिए जा चुके हैं और 100 से अधिक बदमाशों का बाउंड ओवर कराया गया हैं।

## स्मृति नागरिक सहकारी बैंक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह

### महिला कर्मचारियों के योगदान को सराहा गया



**संवाददाता ● इंदौर**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्मृति नागरिक सहकारी बैंक और स्वान इन्वेस्ट ने महिलाओं के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बैंक की महिला कर्मचारियों एवं वे सभी महिलाएं जिन्होंने अन्य क्षेत्र में विशिष्ट योगदान दिया है उन सभी महिलाओं के योगदान को सराहा गया और उन्हें सम्मानित किया गया।

**समारोह**

कार्यक्रम की शुरुआत मंजू शर्मा के स्वागत भाषण से हुई। मंजू शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, "महिलाएं बैंकिंग क्षेत्र में अपनी कार्यकुशलता और समर्पण से नए आयाम स्थापित कर रही हैं। उनका योगदान सराहनीय है और इस दिवस पर हम उन्हें सम्मानित कर गर्व महसूस कर रहे हैं।" मंजू शर्मा ने बताया कि स्मृति बैंक 25 वर्षों से बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहे है तथा यह मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा कॉपरेटिव बैंक है जिसकी 14 शाखाएं मध्यप्रदेश में है। इसके साथ साथ बैंक अपने कार्य क्षेत्र में भी विस्तार कर रही है अब मध्यप्रदेश के अलावा अन्य राज्यों में बहुत जल्दी अपनी शाखाओं का विस्तार करेगी। इस अवसर पर बैंक की उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला कर्मचारियों को विशेष प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, महिलाओं की वित्तीय सशक्तिकरण पर एक विशेष सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने बचत, निवेश और वित्तीय स्वतंत्रता के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं, जिसमें कविता पाठ और प्रेरणादायक कहानियाँ शामिल थीं। समापन समारोह में सभी महिलाओं को शुभकामनाएँ देते हुए, बैंक प्रबंधन ने भविष्य में भी उनके उज्ज्वल भविष्य और प्रगति की कामना की। इस आयोजन ने महिलाओं को सम्मान देने और उन्हें प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सराहना प्राप्त की।

## केंद्रीय जेल में फाग बसंत महोत्सव मनाया



**संवाददाता ● इंदौर**

केंद्रीय जेल इंदौर में केंद्रीय जेल अधीक्षक अलका सोनकर के मार्गदर्शन में फाग बसंत महोत्सव मनाया गया जिसमें विशेष रूप से भागीदारी के लिए शहर से आई नाट्य मंडली के द्वारा श्रीकृष्ण राधा फाग नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी गई साथ में आए गायक कलाकारों द्वारा होली के गानों की सदाबहार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर केंद्रीय जेल के बंदीयो द्वारा भी भगोरिया नृत्य से फाग उत्सव में नृत्य प्रस्तुति दी गई इस फाग उत्सव से समस्त केंद्रीय जेल इंदौर में माहौल बसंतमय हो गया !इस अवसर पर आयोजन में उप जेल अधीक्षक संतोष लाडिया नागर वरिष्ठ परीविक्ष एवं कल्याण अधिकारी अभिषेक दांगी एवं केंद्रीय जेल इंदौर के समस्त अधिकारी कर्मचारीयो की उपस्थिति रही।

### खाते खुलवाकर जमा करवा दिए ठगी के लाखों रुपए

## पांच हजार के लालच में साइबर अपराध का शिकार बने युवक

**संवाददाता ● इंदौर**

साइबर अपराधी आटो चालक-डिलीवरी ब्वॉय का काम करने वाले युवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। राजेंद्रनगर पुलिस ने सिंडिकेट से जुड़े तीन आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोपितों ने पांच हजार रुपये का लालच देकर खाते खुलवाए और लाखों रुपये जमा करवा लिए।

**ठगी**

राजेंद्रनगर पुलिस के मुताबिक ऋषि विहार नगर निवासी आटो चालक अजय अहिरवार,रामेश्वर मेहता (डिलीवरी ब्वॉय) निवासी कैट रोड़ और सुनील मिनावा (कर्मचारी) निवासी आनंद फार्म की शिकायत पर शशांक गीते उर्फ लड्डू निवासी विदूरनगर,तुषार राजपूत निवासी खातेगांव और गौरव उर्फ रुद्र मालवीय निवासी खातेगांव देवास के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### ई-मेल से पता चला खाते में लाखों का ट्रांजेक्शन हुआ

अजय ने पुलिस को बताया कि वह कैट रोड़ से ऑटो रिक्शा चलाता है। उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर है और परिचित गोलू उसकी स्थिति समझता था। उसने विदूरनगर निवासी शशांक से मुलाकात करवा दी। शशांक ने कहा कि बैंक में करंट खाता खुलवाना है और उसकी पासबुक,एटीएम व सिमकार्ड देना है। आरोपित ने 18 फरवरी को राजवाड़ा स्थित यूको बैंक में खाता खुलवा दिया। रामेश्वर और सुनील का इंडियन बैंक में खाता खुलवाया। सिमकार्ड,पासबुक लेने के बाद एक हजार रुपए दे दिए। कुछ दिनों पूर्व ई-मेल के माध्यम से पता चला उसके खाते में लाखों रुपये का ट्रांजेक्शन हुआ है। अजय ने गोलू को काल कर ट्रांजेक्शन के बारे में बताया तो कहा उसके खाते में भी लाखों रुपये आते हैं। टीआई नीरज बिरथरे के मुताबिक पुलिस ने सोमवार रात तीनों आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। खातों में साइबर अपराधियों द्वारा रुपये जमा करवाए गए हैं।



**साइबर ठगी के लिए खाते देता है शुभम नामदेव**

शुभम नामदेव का सामने आया है। शुभम ने कईं लोगों के खाते खुलवा कर ऑनलाइन गेमिंग,साइबर ठगी करने वाले गिरोह में सप्लाई किए हैं। करंट खाते खुलवाने के लिए फर्जी दस्तावेज भी तैयार किए गए हैं। उज्जैन पुलिस ने पिछले दिनों एक गिरोह को पकड़ा था। शुभम उस गिरोह के लिए भी काम करता है। क्राइम ब्रांच को शिकायत हुई लेकिन सतही जांच कर मामला दबा दिया। फर्जी खातों की बात सामने आने के बाद शुभम का दोबारा नाम उछला है।

## भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक महोत्सव

**संवाददाता ● इंदौर**

जैन समाज के प्रथम तीर्थंकर एवं जन-जन की आस्था के केन्द्र भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव शनिवार, 22 मार्च को चैत्र वदी अष्टमी पर परंपरागत हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। अ.भा. जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक युवक महासंघ इंदौर इकाई के तत्वावधान में इस अवसर पर सुबह 8 बजे शहर में विराजित साधु-साध्वी मंडल के सानिध्य में पीपली बाजार स्थित दादा आदिनाथ के मंदिर से भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी। महासंघ की ओर से जन्म कल्याणक महोत्सव का यह 14वां वर्ष है।

**महोत्सव**



महासंघ के अध्यक्ष अमित श्रीमाल, महासचिव विजयराज भंसाली एवं नीतेश सोनगरा ने बताया कि मंगलवार को आयोजन से जुड़े समाजबंधुओं ने महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका सफेद मंदिर में दादा आदिनाथ को समर्पित की। इस मौके पर मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, सुनील गांग, संजय मोगरा, नीलेश सकलेचा, शैलेन्द्र नाहर और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। पालकी यात्रा में घोड़े, बैंडबाजे, भजन एवं गरबा मंडलियां, जीवंत झांकी, मंगल कलश, ध्वजधारी महिलाएं, आदिवासी नृत्य टोली, ढोल-ताशे के साथ ही नवकार परिवार के सदस्य पूजा के वस्त्र में भगवान आदिनाथ की सुसज्जित पालकी को कांधे पर लेकर चलेंगे। जुलूस पीपली बाजार से प्रारंभ होकर बड़ा सराफा, शकर बाजार, शीतला माता बाजार, सांठा बाजार, बजाज खाना चौक, बर्तन बाजार होते हुए पुनः पीपली बाजार स्थित सफेद मंदिर पहुंचेगा। सफेद मंदिर पर नवकार परिवार के सानिध्य में अष्ट प्रकारी पूजन एवं उसके बाद साधु-साध्वी, भगवंतों के आशीर्वचन भी होंगे। जुलूस की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं।

### जीत के जश्न और हास्य कवि सम्मेलन में बिखरे इंद्रधनुषी रंग

# अग्रसेन महासभा के फाग महोत्सव में स्नेह मिलन

**हास्य कवि सम्मेलन के साथ ही भगौरिया नृत्य और मांदल की थाप पर झूमते-नाचते समाजबंधुओं के बीच पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान हुई इंद्रधनुषी रंगों की वर्षा में समाजबंधुओं ने देर रात तक आनंद उठाया।**

**संवाददाता ● इंदौर**

श्री अग्रसेन महासभा का रंगारंग फाग महोत्सव निपानिया स्थित ओम सांई गोयल रिसोर्ट पर स्नेह मिलन, भारत की जीत के जश्न और हास्य कवि सम्मेलन के साथ ही भगौरिया नृत्य और मांदल की थाप पर झूमते-नाचते समाजबंधुओं के बीच पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान हुई इंद्रधनुषी रंगों की वर्षा में समाजबंधुओं ने देर रात तक आनंद उठाया।

**सम्मेलन**

महासभा के अध्यक्ष सीए एस.एन. गोयल, महामंत्री ओमप्रकाश अग्रवाल कोल, संयोजकद्वय अरूण जैन हाइवे एवं राजेश मित्तल चौधरी ने बताया कि फूलों की होली और इत्र की फुहारों के बीच समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, विष्णु बिंदल, नितिन अग्रवाल महू, शैलेन्द्र अग्रवाल महू, अरुण आष्टावाले, प्रमोद बिंदल, कैलाश नारायण बंसल, अजय आलूवाले, राजेश जिंदल, अनुप सिंघल, राजेश बंसल सहित अनेक



गणमान्य नागरिकों की अगवानी के बाद झाबुआ से आए लोकनृत्य कलाकारों के साथ रंग-बिरंगे वस्त्रों में सजी भगौरिया की टीम ने तीर-कमान सहित परंपरागत वेशभूषा में नाचते-गाते हुए महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके पूर्व महासभा से जुड़ी मातृशक्ति ने गणगौर की पूजा भी की। इस दौरान नमकीन और मीठे व्यंजनों का दौर भी मेगा स्क्रीम पर चल रहे भारत-न्यूजीलैंड क्रिकेट मैच के साथ चलता रहा। जैसे ही भारत की जीत का चौका लगा समूचा सभागृह उठकर नाचने लगा और भारत माता के जयघोष से आसमान गुंजायमान हो गया। हास्य कवि सम्मेलन में कानपुर से आए हास्य कवि हेमंत पांडे, बाराबंकी से प्रियांशु गजेन्द्र एवं प्रख्यात मंच संचालक शशिकांत यादव देवास ने भी अपनी रचनाओं से समाजबंधुओं को बहुत गुदगुदाया। अध्यक्ष सीए एस.एन. गोयल ने भी अपनी रचनाएं सुनाकर श्रेताओं को बांधे रखा। कवियों का स्वागत नितिन अग्रवाल महू, कार्यक्रम संयोजक राजेश मित्तल, अरुण जैन हाईवे, प्रमोद बिंदल, अरुण आष्टावाले एवं अन्य बंधुओं ने किया। मालवा और निमाड़ की परंपराओं और संस्कृति को सहेजने वाले इस महोत्सव में देर रात तक 500 से अधिक सदस्यों ने होली मिलन, भारत की जीत और हास्य कवि सम्मेलन सहित सभी विधाओं का आनंद लिया। अंत में संचालन सीएस एस.एन. गोयल ने किया और आभार माना सचिव ओम अग्रवाल ने।

### आयुक्त बोले- विशेष सफाई अभियान चलाएंगे

# होली-रंगपंचमी पर पानी सप्लाय सुनिश्चित करें

**संवाददाता ● इंदौर**

आयुक्त शिवम वर्मा ने होली, धुलेंडी व रंगपंचमी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए निगम द्वारा की जाने वाली सभी व्यवस्थाओं को सुचारु करने के निर्देश दिये हैं। समय सीमा प्रकरणों की एवं सी.एम. हेल्प लाईन व आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए सिटी बस ऑफिस में ली गई समीक्षा बैठक में समस्त अपर आयुक्त, झोनल अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, सीएसआई, एवं अन्य उपस्थित थें। आयुक्त वर्मा द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान, धुलेंडी व रंगपंचमी के दिन पानी का सप्लाय निर्धारित समय पर अनिवार्य रुप से किया जावें तथा सएई के संबंध में की जाने वाली व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण कर ली जाएं। रंगपंचमी के दिन गेर निकलने के बाद गेर मार्ग, राजबाडा एवं अन्य क्षेत्रों तथा कॉलोनियों में यथा समय सफाई व्यवस्था करने के लिए संसाधन आदि पहले से ही तैयार रखें और सफाई सुचारु रुप से सम्पन्न कराएं। होली के दौरान यदि अवैध होर्डिंग या फ्लेक्स लगाये जाते हैं तो उन्हें तत्काल रिमूव्ल करने की कार्यवाही की जाए। आयुक्त वर्मा द्वारा सी.एम. हेल्प लाइन एवं 311 मेयर हेल्प लाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये गये तथा बिना निराकरण के कोई भी शिकायत क्लोज नही करें। इसका विशेष रुप से ध्यान रखें।

**अभियान**



## गेर निकालने में असमर्थता जताने वाले को 2 लाख

आर्थिक तंगी के चलते इस बार रंग पंचमी के मौके पर गेर निकालने में असमर्थता जाहिर करने वाले एक गेर संचालक को कलेक्टर आशीष सिंह ने 2 लाख रु की मदद देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में शांति समिति की बैठक में ये निर्णय लिया गया। गैर संचालक को उक्त राशि का चेक दे दिया जाएगा। इस बार गेर के संचालक शेखर गिरी ने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित बैठक में आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए गेर निकालने में असमर्थता जाहिर की थी। कलेक्टर आशीष सिंह ने गेर संचालक को भरोसा दिलाया था कि वह गेर जरुर निकालें अपनी गेर की परंपरा जारी रखें। जिला प्रशासन आर्थिक मदद करेगा । कलेक्टर आशीष सिंह ने बैठक में अन्य गेर संचालकों को भी आर्थिक मदद देने का प्रस्ताव किया था लेकिन अधिकांश गेर संचालकों ने आर्थिक मदद लेने से इनकार कर दिया। कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि गेर इंदौर की सांस्कृतिक विरासत है। इसे किसी भी सूरत में बंद नहीं होने दिया जाएगा। जिला प्रशासन गेर संचालकों की पूरी मदद करेगा।

## शॉट न्यूज

### इंदौर में भी हो सकेंगी देपालपुर, महू और सांवेर की रजिस्ट्रियां

**इंदौर।** तहसील महू, देपालपुर व सांवेर की रजिस्ट्रियां चारों उप पंजीयक कार्यालयों इंदौर-1,2,3 व 4 में भी हो सकेगी। गाईड लाईन की उक्त सभी मिसमैच लोकेशंस की सही मैपिंग क्षेत्राधिकार वाले उप पजीयक कार्यालयों में कर दी गई है। गाईड लाईन की लोकेशंस सही मैपिंग होने से आम पक्षकारों को अपने दस्तावेजों का पजीयन कराने में सुविधा होगी तथा राजस्व संग्रहण भी सुचारू रूप से हो सकेगा। वरिष्ठ जिला पंजीयक डॉ. अमरेश नायडू ने बताया है कि उप पंजीयक कार्यालय इंदौर 1, 2, 3 व 4 व देपालपुर व देपालपुर की व ग्रामीण क्षेत्रों की प्रचलित कलेक्टर गाईड लाईन की कई लोकेशंस संपदा 2.0 में मिसमैच होकर मेप हो गई थी, जिसके कारण आम जनता को अपने दस्तावेजों का पंजीयन उचित क्षेत्राधिकार वाले उप पंजीयक कार्यालय में कराने मे असुविधा हो रही थी।

### समर्थन मूल्य की खरीदी 15 से 61642 किसानों ने करवाया पंजीयन

**इंदौर।** संभाग में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य 15 मार्च से प्रारंभ होगा। इसके लिये व्यापक तैयारियां जारी है। समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिये संभाग के 61 हजार 642 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। किसानों से बोनस सहित 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदा जायेगा। खरीदी के लिये 307 केन्द्र स्थापित किये जा रहे है। संभागायुक्त दीपक सिंह ने संभाग के सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र लिखकर निर्देशित किया है कि संभाग में पंजीयत सभी किसानों का सत्यापन कर लिया जाये। साथ ही खरीदी केन्द्र पर सभी आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध रहे ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। संभागायुक्त ने निर्देश दिये है कि खरीदी कार्य के संबंध में तथा समर्थन मूल्य के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये।

### मधुमिलन चौराहा से लेकर अग्रसेन प्रतिमा तक नक्शे निकल गए

**इंदौर।** रेसीडेंसी कोठी पर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 के विकास कार्यों को लेकर आयोजित निगम अधिकारियों की बैठक में विधायक गोलू शुक्ला ने कहा कि सबसे पहले छावनी की सडक़ को चौड़ा करने और बनाने का काम किया जाए। इस पर अधिकारियों ने होली के बाद सडक़ का काम शुरू करने की बात कही। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, महापौर पुष्यमित्र भार्गव मौजूद थे। बैठक में क्षेत्र तीन के भाजपा के सभी 10 पार्षदों को भी बुलाया गया था। बैठक में विधायक ने मधुमिलन चौराहा से लेकर अग्रसेन प्रतिमा तक मास्टर प्लान के प्रावधान के अनुसार किए जाने वाले सडक़ चौड़ीकरण और नवनिर्माण का मामला उठाया।

## जनसुनवाई : आयुक्त ने सुनी समस्याएं अतिक्रमण विवादों पर समझाइश भी दी

### 52 आवेदन मिले, तत्काल निराकरण करने के निर्देश



**संवाददाता ● इंदौर**

निगम मुख्यालय में निगमायुक्त द्वारा स्वयं अपने कक्ष में निगम के समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, अधीक्षण यंत्री एवं विभाग प्रमुख के साथ जनसुनवाई की गई। इस अवसर पर आयुक्त द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को तत्काल निराकरण करने के भी निर्देश दिये गये। निगमायुक्त शिवम वर्मा द्वारा की जा रही जनसुनवाई के दौरान कुछ आवेदकों द्वारा अपने पड़ोस एवं परिवार के लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण के संबंध में आवेदन पत्र प्राप्त होने पर आयुक्त द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करने के साथ ही पारिवारिक विवादों को आपस में समन्वय कर समाधान करने के संबंध में भी चर्चा की गई। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा राजस्व, मार्केट, भवन अनुज्ञा, स्वास्थ्य विभाग, रिमूवल विभाग, सीवरेज विभाग, जनकार्य विभाग सहित अन्य विभागों के 52 आवेदन आयुक्त महोदय के समक्ष प्रस्तुत किये गये, आयुक्त द्वारा नागरिकों को समक्ष में सुना गया तथा प्राप्त आवेदन को आयुक्त कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त व विभाग प्रमुख को तत्काल प्रेषित कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये।

**जनसुनवाई**

## मास्टर प्लान की सड़क में बाधक बाउंड्रीवॉल हटाई

**इंदौर।** तिलक नगर को रिंग रोड से जोड़ने के लिए एक नई सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस सड़क का काम शुरू हो चुका है और नगर निगम ने इसके लिए तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार शहर में मास्टर प्लान की सड़कों में बाधक निर्माण हटाने की कार्यवाही क्रम में झोन क्रमांक 10 के अंतर्गत तिलक नगर मास्टर प्लान की रोड में आने वाली कृष्णा पब्लिक स्कूल की बाउंड्री वॉल को जेसीबी के माध्यम से रिमूवल किया गया। एमआईसी सदस्य राजेश उदावत के मुताबिक इस रोड को बनने में 6 महीने का समय लगेगा। इस रोड की बाधाएं हटाने का केस 2020 से कोर्ट में चल रहा है। चार साल तक नगर निगम और प्रशासन के प्रयासों के बाद कोर्ट के आदेश के बाद यह रोड बनना शुरू हुआ है। इस नई सड़क के बनने से रिंग रोड के लिए तिलक नगर और पलासिया से एक और लिंक रोड उपलब्ध हो जाएगी। वर्तमान में, रिंग रोड से पलासिया या मध्य शहर जाने के लिए कनाड़िया रोड ही एकमात्र विकल्प है, लेकिन इस रोड पर हमेशा ट्रैफिक का भारी दबाव रहता है। नई सड़क के बनने से बंगाली कॉलोनी और कनाड़िया रोड दोनों जगह ट्रैफिक का दबाव कम होगा। एमआईसी सदस्य राजेश उदावत के अनुसार, कोर्ट से मामले का समाधान होने के बाद सड़क के निर्माण का कार्य शुरू किया गया है। यह सड़क तिलक नगर के मेन रोड पर स्थित श्रीकृष्ण पब्लिक स्कूल के पास से साईंनाथ कॉलोनी, महावीर नगर, और फिर नर्मदा की टंकी के पास से गोयल नगर होते हुए रिंग रोड तक जाएगी।

**तिलक नगर से रिंग रोड का काम शुरू, छह महीने में बनेगी**

### सताने लगी गर्मी

## होली के बाद 35 डिग्री के पार जा रहा तापमान



**संवाददाता ● इंदौर**

प्रदेश में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। इंदौर और उज्जैन संभाग में तापमान सबसे ज्यादा बढ़ा है। सोमवार को धार और रतलाम में दिन का तापमान 38 डिग्री तक पहुंच गया। इंदौर में वार को दिन का तापमान 35.2 और रात का तापमान 18 डिग्री रहा। लगातार दो दिन से इंदौर में पारा 36 डिग्री के पार चल रहा है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अगले दो दिन में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, नए सिस्टम के प्रभाव से इसके बाद तापमान में गिरावट आने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 12 मार्च से उत्तर-पश्चिम भारत में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसका असर मध्यप्रदेश में एक-दो दिन बाद दिखाई देगा। इससे दिन और रात के तापमान में हल्की गिरावट हो सकती है। बीते दिनों बर्फीली हवाएं चलने के कारण ठंड का असर दिखा। हालांकि अब प्रदेश में बर्फीली हवाओं का असर खत्म हो गया है और तापमान बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, मार्च के पहले सप्ताह में ओले, बारिश, बादल और ठंड-गर्मी का मिश्रित दौर रहा। अब तापमान में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है।

**तापमान**

### अप्रैल मई में होगी तेज गर्मी

इस साल अप्रैल और मई के महीने में प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इन दो महीनों के दौरान ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में तापमान 45 डिग्री के पार पहुंच सकता है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग के जिलों में भी भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। मध्यप्रदेश में पिछले 10 वर्षों के आंकड़ों के अनुसार, मार्च महीने में दिन के समय गर्मी और रात के समय ठंड बनी रहती है। इस दौरान बारिश का भी ट्रेंड देखने को मिला है। इस साल भी ऐसा ही मौसम देखने को मिल रहा है। भोपाल, इंदौर और उज्जैन में दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार जा सकता है, जबकि रात का तापमान 10 से 17 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है।

### जमीन और परिवार विवाद के साथ धमकियों से संबंधित आवेदन आए

## कलेक्टोरेट में जनसुनवाई : पीड़ितों ने प्रशासन को बताई समस्याएं

**संवाददाता ● इंदौर**

कलेक्टर कार्यालय में अपर कलेक्टर गौरव बैनर की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान पीड़ित व्यक्तियों ने अपनी समस्याएं अपर कलेक्टर के सामने रखीं। अपर कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित विभाग को जांच के लिए ट्रांसफर कर दिया है। जनसुनवाई में जमीन से संबंधित विवाद, परिवार विवाद, और धमकियों से संबंधित आवेदन आए।

**आवेदन**

अपर कलेक्टर गौरव बैनर ने बताया कि संबंधित थाने और अधिकारियों को शिकायत जांच के लिए भेजी गई है। इसके अलावा रेडक्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। इस जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निराकरण करना था। अपर कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लिया और संबंधित विभागों को जांच के लिए भेज दिया है। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर गौरव बैनर ने मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि आज जनसुनवाई मेरे समक्ष सुनी गई है। उन्होंने कहा कि सभी आवेदनों को संबंधित विभाग को जांच के लिए भेज दिया गया है और जल्द ही उनका निराकरण किया जाएगा। इस जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याओं का समाधान करने का अवसर मिला। अपर कलेक्टर गौरव बैनर ने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई में समस्या का समाधान किया जाएगा।



### शराब दुकान हटाने की मांग

दूसरी ओर पालदा चौराहे पर स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर एमआईसी सदस्य मनीष शर्मा ने जनसुनवाई के दौरान शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि इस शराब दुकान के कारण चौराहे पर भीड़ बढ़ जाती है, जिससे नागरिकों को परेशानी होती है और महिलाओं को भी परेशान किया जाता है। मनीष शर्मा ने बताया कि उन्होंने पहले भी इस संबंध में पत्र लिखा था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव से भी इस मामले में शिकायत करने की बात कही है।

### जबरदस्त आवक के चलते फिलहाल राहत

# लहसुन के दाम जमीन पर आए 220 से गिरकर 60 रुपए हुए

**मंडी सचिव नरेश परमार ने बताया कि दिसंबर-जनवरी माह में लहसुन के दाम 22000 रुपए प्रति क्विंटल तक चले गए थे।**

**संवाददाता ● इंदौर**

प्रदेश की सबसे बड़ी चोइथराम स्थित देवी अहिल्याबाई होलकर फल एवं सब्जी मंडी में इन दिनो लहसुन के भाव जमीन पर आते हुए नजर आ रहे हैं। मंडी में जबरदस्त आवक के चलते ऐसा संभव हो पाया है जबकि दो महीने पहले तक कीमतें आसमान छू रही थीं। मंडी सचिव नरेश परमार ने बताया कि दिसंबर-जनवरी माह में लहसुन के दाम 22000 रुपए प्रति क्विंटल तक चले गए थे। अब लहसुन की फसल पककर तैयार हो गई और मंडी में आना प्रारंभ भी हो गई है। इसके अलावा महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मालवा-निमाड़ क्षेत्र से भारी मात्रा में आवक देखने को मिल रही है। इन दिनों मंडी में प्रतिदिन 15 से 20 हजार क्विंटल आवक हो रही है। इसके चलते जो दाम 22000 रूपए क्विंटल के करीब थे, वो नीचे में आकर 3000 से 6000 रूपए प्रति क्विंटल के करीब जा रहे हैं। जब फसल पूर्ण पककर तैयार होकर खलिहानों से मंडी में आने लगेगी। लहसुन की कीमतों में और भी कमी आने की संभावना है।

**राहत**



### लागत 40 हजार रुपए प्रति क्विंटल

वहीं जब इस मुद्दे को लेकर किसानों से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि वर्तमान में लहसुन की लागत मूल्य के भी दाम नहीं मिल रहे हैं। हमें जबरदस्त घाटा हो रहा है। लहसुन के बीज की कीमत 25000 रूपए प्रति क्विंटल है और खाद व अन्य दवाइयां के साथ ही एक बीघा जमीन की कुल लागत 40000 रूपए प्रति क्विंटल के करीब आती है और हमें मिल रहे हैं 3000 से लेकर 6000 रूपए प्रति क्विंटल। ऐसे में लागत मूल्य भी नहीं निकल पा रहा है। हम बहुत परेशान हैं। हम शासन से मांग करते हैं कि हमें हमारी उपज का उचित मूल्य दिलाएं, ताकि हमारी मेहनत और जितनी लागत लगी है, वह कम से कम निकलकर आ जाए।

# देहरी पर डलेंगे फूल, तब बिखरेंगे होली के रंग

**फूल फूलि गे होला,**
**फ्योंलि बुरांस ग्वीराल।**
**होरी का हुल्येर गेल्या,**
**बैठ्यां व्हला, मेरी जग्वालङ्क।।**

गढ़रत्न नरेंद्र सिंह नेगी के गाए इस गीत में पहाड़ों की होली को याद करते हुए बताया गया है कि धरती फ्योंलि, बुरांस और ग्वीराल के फूलों से सजी होगी और होली खेलने वाले युवा मेरे इंतजार में होंगेङ्क। असल में होली ऐसा पर्व है जब उत्तराखंडी जनमानस पहाड़ों को सबसे ज्यादा मिस करता है। कारण कि होली वहां सिर्फ एक दिन का नहीं बल्कि कई दिनों तक चलने वाला त्योहार होता है। इस बार तो उत्तराखंडी समाज के लिए यह त्योहार दोहरी सौगात लेकर आ रहा है। 14 मार्च को होली के दिन ही फूल संक्रांति भी आ रही है जिसे पहाड़ों पर ही नहीं, मैदानों में रहने वाले उत्तराखंडी परिवार भी अपने घरों की देहरियां फूलों से सजाकर बड़ी श्रद्धा से मनाते हैं। पंडित कमलेश्वर डंडरियाल के मुताबिक इस बार 14 मार्च को ही पूर्णमासी और चैत की संक्रांति दोनों हैं। ऐसे में होली का पर्व और फूल संक्रांति का पर्व दोनों एक साथ मनाए जाएंगे। सुबह लोग घरों की देहरियां फूलों से सजाकर होली का आनंद लेंगे।बता दें कि होली का पर्व और फुलदेई या फूल संक्रांति उत्तराखंड में बहुत ही अनोखे ढंग से मनाया जाता है। होली से पहले जहां घर-घर जाकर हुल्यारे होली गीत गाते हैं, वहीं फुलदेई पर घर-घर में ताजे फूलों से देहरियों को सजाया जाता है। उत्तराखंड के कुछ इलाकों में तो फुलदेई के बाद एक महीने तक रोज सुबह देहरियों को फूलों से सजाया जाता है।बुरांस साहित्य एवं कला केंद्र के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रदीप कुमार वेदवाद बताते हैं, पहाड़ की होली में रंग, हंसी, ठिठोली के साथ ही देव गायन भी बहुत महत्व रखता है। यहां राम-सीता, कृष्ण-राधा होली गीतों की आत्मा हैं। होली पर पहाड़ों में पैयां की डाली को पूजा जाता है और उस पर चीर बंधन कर हुल्यारों की टोली होली गीत गाते हुए घर-घर जाती है। पहाड़ों पर

> **होली से पहले जहां घर-घर जाकर हुल्यारे होली गीत गाते हैं, वहीं फुलदेई पर घर-घर में ताजे फूलों से देहरियों को सजाया जाता है। उत्तराखंड के कुछ इलाकों में तो फुलदेई के बाद एक महीने तक रोज सुबह देहरियों को फूलों से सजाया जाता है।बुरांस साहित्य एवं कला केंद्र के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रदीप कुमार वेदवाद बताते हैं, पहाड़ की होली में रंग, हंसी, ठिठोली के साथ ही देव गायन भी बहुत महत्व रखता है।**

तो होली और बसंत हमजोली हैं। होली गीतों से विरह जिसे कुमाऊंनी में ह्यनराईह्न और गढ़वाली में ह्यखुदह्न कहते हैं, उसको मिटाने की कोशिश होती है।

होली गीतों में बसे राम-सीता

पहाड़ों की होली से जुड़ी परंपराओं को दिल्ली में भी उत्तराखंडी पारंपरिक तरीके से मना रहे हैं। मयूर विहार फेज तीन की गढ़वाल भ्रातृ एवं सांस्कृतिक समिति हर साल होली से दो हफ्ते पहले ही मयूर विहार के विभिन्न इलाकों, कॉलोनियों में जा-जाकर होली गीत गाती है। समिति के सांस्कृतिक एवं खेल सचिव मनोज रतूड़ी बताते हैं, इस बार भी शनिवार 1 मार्च से हमारी पारंपरिक होली फेरी का आयोजन शुरू हो गया है। इस दौरान हमारी टोली अपने लोक गीतों को गाते हुए पारंपरिक वाद्यों की धुनों पर नाचते हुए घर-घर जाकर होली टीका लगाती है। इसके जरिए होली की परंपराओं को जीवित रखने के साथ ही समाज में मेल-मिलाप और नया जोश भरने की कोशिश होती है। पिछले कई वर्षों से मयूर विहार फेज 3 में हम यह करते आ रहे हैं। हमारा होली फेरी कार्यक्रम 1 मार्च से शुरू होकर 13 मार्च शाम को बद्रीनाथ मंदिर में होलिका दहन तक चलेगा।

युवाओं ने भी कर ली अपनी तैयारी

होली की परंपरा को नए अंदाज में जीने में युवा भी पीछे नहीं हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले उत्तराखंडी और हिमाचली छात्रों की संस्था देवभूमि फाउंडेशन भी कड़कड़डूमा के गढ़वाल सदन में 8 मार्च को होली मिलन कार्यक्रम कर रही है। फाउंडेशन से जुड़े अमन डोभाल बताते हैं, हम साल में दो बड़े कार्यक्रम करते हैं, जिनमें एक उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस पर नवंबर में और दूसरा 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस पर करते हैं। पर होली मिलन ऐसा कार्यक्रम होता है जिसमें फाउंडेशन से जुड़े करीब दो हजार छात्र अपनी जेब से खर्च देकर कार्यक्रम करते हैं। होली मिलन में इस बार हम खड़ी होली का आयोजन करेंगे। इसमें पारंपरिक वाद्य हुड़के के साथ डीजे पर पहाड़ी गीत भी बजाए जाएंगे। साथ में पारंपरिक भोजन भी रहेगा।

## संत वचन

मसीह में भाइयों और बहनों, जैसा कि हमने एंटिओक के सेंट इग्नाटियस के जीवन और उदाहरणों से सुना है, और जैसा कि हमने पवित्र शास्त्रों के शब्दों को समझा है, इसलिए हम सभी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें ताकि हम उन लोगों के पदचिन्हों पर चल सकें जो हमसे पहले चले गए हैं और अपने जीवन और ईश्वर में विश्वास में अनुकरणीय रहे हैं। आइए हम सभी अपने अभिमान और अहंकार, लालच और अन्य प्रकार की इच्छाओं को त्याग दें जो हमें हमारे पतन की ओर ले जा सकती हैं। आइए हम सभी अब से अपने जीवन के प्रत्येक क्षण में ईश्वर की इच्छा को और अधिक ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास करें, और आइए हम अपने स्वयं के अनुकरणीय जीवन से एक-दूसरे को प्रेरित करना जारी रखें ताकि हम सभी को प्रभु के और करीब ला सकें। ईश्वर हम सभी के साथ रहें और वह हमारे हर प्रयास और प्रयासों को आशीर्वाद दें ताकि हम सभी चीजों में उनकी महिमा करते रहें।आज, चर्च एंटिओक के प्रसिद्ध सेंट इग्नाटियस का पर्व मनाता है, जो एक महान चर्च फादर और प्रारंभिक चर्च के....

# जीरो से हीरो तक... हर उम्र के लिए कुर्ते मिलते हैं यहां

**1954 से अजमल खां रोड पर कारोबार कर रहा विनोद मोंगा का परिवार**

चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान और जुबां पर मीठी बोली जो ग्राहक के मुताबिक कभी पंजाबी तो कभी दिल्ली वाली हिंदी और अंग्रेजी में बदल जाती हैङ्क मिलिए विनोद मोंगा से। उनका करोलबाग की बिजी अजमल खां रोड पर गफार मार्केट से ठीक पहले बायीं ओर नाम की शॉप है, जहां जेंट्स कुर्तों की इतनी वैरायटी है कि देसी ही नहीं विदेशी कस्टमर का भी आना-जाना रहता है। करोलबाग के अलावा उनकी राजौरी गार्डन मार्केट में भी शॉप है।

**1954 में पिताजी ने की थी शुरूआत** बातचीत में विनोद मोंगा ने बताया कि हमारी यह दुकान 1954 में पिताजी इंदरजीत मोंगा ने शुरू की थी। जब मैं 18 साल का हुआ तो मैं भी दुकान

**एडिट.नोट**

पर बैठने लगा। 1972 में तो मैंने और मेरे बड़े भाई अशोक मोंगा ने काम पूरी तरह अपने हाथ में ले लिया था। तब कुर्तों के अलावा भी कई तरह के कपड़ों के आइटम रखते थे। यहां तक कि बुनाई वाली ऊन भी। पंद्रह साल पहले ट्रेंड बदला और हमने सिर्फ कुर्तों की वैरायटी रखना शुरू किया। आज हमारे पास जीरो (साइज) से लेकर हीरो तक के लिए कुर्ते हैं। इनमें कॉटन ही नहीं, ऊनी, सिल्क समेत हर फैब्रिक और रंग के कुर्ते हैं, जिन्हें दिल्ली के अलावा, जयपुर, लखनऊ, मुंबई जैसे शहरों से मंगवाते हैं। यहां दूल्हे के लिए कुर्तों की तो वैरायटी है ही, दूल्हे के अलावा शादी वाले घर के हर पुरुष के हर फंक्शन में पहनने के लिए अलग-अलग स्टाइल के कुर्ते मिल जाएंगे। हाल ही में एक विदेशी कस्टमर ने 50 कुर्तों का ऑर्डर दिया। अलग-अलग रंग वाले मांगे थे। हमने उन्हें भिजवाया।

**देश ही नहीं विदेश से भी आते हैं कस्टमर** बातचीत के दौरान दुकान पर अमेरिका से आए एक कस्टमर का ठेठ पंजाबी में स्वागत करने के बाद वह बताते हैं, हमारा काम रिटेल का है। यहां दिल्ली और देश के अलग-अलग कोनों से लोग आते हैं। पर जितना देशी कस्टमर आता है, उतना ही विदेशी भी। यहां सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, मॉरीशस, नेपाल से खूब लोग आते हैं। विदेश में डिमांड देखते हुए हम एक्सपोर्ट करने की भी तैयारी में हैं।

**दिवाली, होली, ईद पर सबसे ज्यादा बिक्री** भारतीय कस्टमर किन मौकों पर कुर्तों की खरीद ज्यादा करता है, इस बारे में विनोद मोंगा बताते हैं झ दिवाली, होली, ईद ऐसे त्योहार हैं, जब सबसे ज्यादा कुर्ते बिकते हैं। इसके अलावा शादियों का सीजन (अक्टूबर-जनवरी) और 15 अगस्त पर सबसे ज्यादा कुर्ते बिकते हैं। इतने साल से दुकान पर बैठ रहा हूं कि कई कस्टमर की अगली पीढ़ी भी यहां शॉपिंग के लिए आती है तो हर्ष होता है। एक किस्सा बताते हैं झ एक बार एक महिला अपनी बेटी के साथ कुर्ते खरीदने आई थीं। उन्होंने बेटी से मेरी डेस्क पर ठक-ठक करने को कहा। मैंने उठकर देखा तो सामने छोटी बच्ची थी। उसे डेस्क पर रखी टॉफी थमाई। अक्सर बच्चे आते हैं तो उन्हें टॉफी देता हूं। तब महिला ने बताया कि मैं पहले अपने पिताजी के साथ यहां आती थी और इसी तरह ठक-ठक करने पर आप टॉफी देते थे। यह बात सुनकर मैं सरप्राइज रह गया। ग्राहकों के इसी लगाव को हमने सिल्वर जुबली और गोल्डन जुबली प्रोग्राम करके सेलिब्रेट किया, जहां हमने अपने कस्टमर्स को न्योता दिया और वे भी खुशी-खुशी शरीक हुए।

**स्वतंत्र - लेखक**

# कुम्भ का बहिष्कार करना कांग्रेस की समझदारी नहीं

महाकुम्भ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई थी। यह भारत की लगभग आधी आबादी है। लेकिन महाकुम्भ का बहिष्कार करके इंडिया गठबंधन ने न तो राजनीतिक समझदारी दिखाई और न ही भारत के 110 करोड़ हिंदुओं के प्रति सम्मान जताया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी तो कुम्भ से पूरे समय गैर-हाजिर रहे थे। हालांकि कुछ अन्य कांग्रेस नेता महाकुम्भ को नजरअंदाज करने के कांग्रेस हाईकमान के अलिखित फरमान की अवहेलना करते हुए प्रयागराज पहुंचे। दुनिया के इस सबसे बड़े धार्मिक आयोजन पर कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गुट की प्रतिक्रिया बताती है कि उसने भाजपा के हिंदुत्व का मुकाबला करने के लिए एक बहुत नाकाम रणनीति अपना ली है। क्योंकि महाकुम्भ हिंदुत्व का नहीं, हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व करता है। जो लोग उसकी अवहेलना करते हैं, वे सनातन धर्म की अवहेलना कर रहे होते हैं।

हिंदू धर्म का सम्मान करने के लिए आपको हिंदू होने की जरूरत नहीं है। आज के आधुनिक युग में जहां भारत में दुनिया के सबसे ज्यादा सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स और टेक स्टार्टअप हैं, वहां विज्ञान और अध्यात्म के इस संयोजन की सराहना की जानी चाहिए। लेकिन कांग्रेस, सपा, राजद, एनसीपी और डीएमके जैसी पार्टियां इसके ठीक उलट काम करती हैं। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की उनकी ही पार्टी ने हाल में निंदा की, क्योंकि वे तमिलनाडु के कोयंबटूर में सदगुरु जग्गी वासुदेव के ईशा फाउंडेशन द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कांग्रेस नेताओं को इस बात से गुस्सा आया कि शिवकुमार ने कुम्भ में भी डुबकी लगाई थी। महाशिवरात्रि कार्यक्रम में जाना दूसरा ₹अपराध' था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कुम्भ में शामिल होने वालों पर हमला करने वालों का नेतृत्व कर रहे थे।

शिवकुमार ने इस तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा : हमारे कांग्रेस अध्यक्ष का नाम मल्लिकार्जुन खरगे है। मल्लिकार्जुन कौन हैं? वे शिव ही तो हैं। तो क्या उन्हें अपना नाम बदल लेना चाहिए? मैं हिंदू के रूप में पैदा हुआ हूं और हिंदू के रूप में ही मरूंगा। शिवकुमार ने आगे कहा : महाकुम्भ को लेकर मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा। जिस तरह से उन्होंने इसे आयोजित किया, मैं उसकी सराहना करता हूं। यह कोई छोटा काम नहीं है। यहां-वहां कुछ समस्याएं हो सकती हैं। लेकिन मुझे खामियां निकालना पसंद नहीं है। शिवकुमार ने जोर देते हुए कहा कि वे जैन मंदिरों, दरगाहों और चर्चों में भी जाते हैं। उन्होंने कहा, जब मैं जेल में था, तो मैंने सिख धर्म और उसकी स्थापना के बारे में सीखा था। शिवकुमार के कांग्रेस हाईकमान से मतभेद नए नहीं हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत के बाद सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच मुख्यमंत्री पद को बारी-बारी से साझा करने के लिए कांग्रेस हाईकमान राजी नहीं हुआ। अगर इस मुद्दे को जल्द ही नहीं सुलझाया गया तो शिवकुमार कांग्रेस छोड़ सकते हैं, जिससे कर्नाटक सरकार अस्थिर हो सकती है। बेंगलुरु के राजनीतिक हलकों में पहले ही शिवकुमार को कर्नाटक का एकनाथ शिंदे कहा जा रहा है! कांग्रेस द्वारा अपनाए जा रहे हिंदू-विरोधी रुख की वजह सीधे तौर पर राहुल गांधी हैं। हालांकि दिसंबर 2017 के गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले थोड़े समय के लिए राहुल ने कई मंदिरों का दौरा किया और मतदाताओं के सामने यह साबित करने के लिए अपना जनेऊ दिखाया कि वे ब्राह्मण हैं। राहुल की यह द्विज-हिंदू रणनीति कारगर भी रही। कांग्रेस 182 सीटों वाली गुजरात विधानसभा में अरसे बाद भाजपा को 100 से नीचे लाने में कामयाब रही। इसके एक साल बाद कांग्रेस ने हिंदी पट्टी के तीन प्रमुख राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जीत भी हासिल की। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस घबरा गई।

सोनिया और राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी हाईकमान अपनी माइनोरिटी-फर्स्ट की नीति पर फिर से लौट आया। हार के लिए राहुल की मंदिर-राजनीति से नाराज मुस्लिम वोटबैंक को जिम्मेदार ठहराया गया। जबकि भाजपा की जीत का असली कारण बालाकोट में पाकिस्तानी आतंकी शिविरों पर एयर-स्ट्राइक से देश में पैदा हुआ राष्ट्रवादी उत्साह था। मुस्लिम-फर्स्ट की राजनीति ने कांग्रेस को काफी नुकसान पहुंचाया है। देश के 80 प्रतिशत लोग जिस धर्म का पालन करते हैं, उसकी उपेक्षा करना एक खराब रणनीति है। महाकुम्भ पर कांग्रेस के रवैये में भी यही नजर आया है।

## बिजनेस. न्यूज

# कमजोर जीडीपी डेटा से लेकर आरबीआई की मीटिंग जैसे 5 फैक्टर्स तय करेंगे बाजार की चाल

**एजेंसी ● मुंबई**

शेयर बाजार में इस गिरावट का अनुमान है। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग और फॉरेन इन्वेस्टमेंट जैसे फैक्टर्स पर बाजार की नजर रहेगी। शुक्रवार को आए जीडीपी के कमजोर आंकड़ों के बाद सोमवार को बाजार नीचे खुल सकता है। वेल्थ व्यू एनालिटिक्स के फाउंडर हरशुभ महेश शाह के मुताबिक बाजार का मेन डायरेक्शन अभी निगेटिव बना हुआ है। इस हफ्ते बाजार में गिरावट देखने को मिल सकती है। वहीं जनवरी एंड तक निफ्टी 21,900 के स्तर तक पहुंच सकता है।

ब्याज दरों पर फैसला लेने के लिए मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग 4 से 6 दिसंबर तक होगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी फ्ङक के गवर्नर शक्तिकांत दास 6 दिसंबर को सुबह 10 बजे मीटिंग में लिए गए फैसले की घोषणा करेंगे। आरबीआई ने फरवरी 2023 से रेपो रेट को 6.5% पर अपरिवर्तित रखा है। मार्केट विश्लेषकों और अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक भारत की महंगाई को अपने लक्ष्य स्तर के करीब लाने के लिए अपने मौजूदा रुख को बनाए रखेगा।कैश सेगमेंट में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने इस हफ्ते ?5,027 करोड़ की बिकवाली की, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों उक्ष्क्ष्२ ने ?6,925 करोड़ के शेयर खरीदे। एक्सपायरी वाले दिन ने भारी बिकवाली की और ?12,000 करोड़ के शेयर बेच दिए। नवंबर में त्रक्ष्क्ष्२ की बिकवाली अक्टूबर की तुलना में कम है। अक्टूबर में, त्रक्ष्क्ष्ने कुल ?1.14 लाख करोड़ की बिकवाली की। नवंबर में यह घटकर 45,974 करोड़ रुपए रह गई। एक्सपर्ट के मुताबिक वैल्यूएशन्स जब ज्यादा अट्रैक्टिव होंगे तभी वो बाजार में वापस लौटेंगे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशक उक्ष्क्ष्२ लगातार खरीदारी कर रहे हैं। घरेलू निवेशकों ने नवंबर में अभी तक करीब 44 हजार करोड़ रुपए की खरीदारी की है। इससे पहले अक्टूबर में घरेलू निवेशकों ने 1.07 लाख करोड़ रुपए की खरीदारी की थी। 3. ग्लोबल फैक्टर्सः रूस-यूक्रेन तनाव से जियोपॉलिटिकल टेंशनरूस-यूक्रेन तनाव से जियोपॉलिटिकल टेंशन बनी हुई है। वहीं निवेशकों की नजर अमेरिका के मंथली फैक्ट्री ऑर्डर और व्हीकल सेल्स डेटा के अलावा बेरोजगारी दर, जॉब ओपनिंग पर भी रहेगी। ये डेटा फेडरल रिजर्व को ब्याज दर पर फैसला लेने में मदद करेगा। डोमेस्टिक डेटाः फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व का डेटा रिलीज होगा 29 नवंबर को समाप्त हफ्ते के लिए विदेशी मुद्रा भंडार 6 दिसंबर को जारी किया जाएगा। इसके अलावा 2 दिसंबर को एचएसबीसी मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई फाइनल डेटा और 4 दिसंबर को एचएसबीसी सर्विसेज पीएमआई डेटा रिलीज होगा। 29 नवंबर को रिलीज किए गए डेटा के अनुसार वित्त वर्ष 2025 की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ घटकर 5.4% पर आ गई है। यह सात तिमाहियों में सबसे धीमी ग्रोथ है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के खराब प्रदर्शन के कारण ऋछ्ढ ग्रोथ धीमी हुई है।

**राज-काज**

## सोना-चांदी में मुनाफावसूली जारी...

इंदौर। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने बिटकॉइन रिजर्व बनाने के आर्डर पर साइन किए, लेकिन उस ऑर्डर में स्पष्ट किया कि बिटकॉइन अभी खरीदें नहीं जाएंगे। अभी जो बिटकॉइन उनके पास पड़े है, उनसे ही रिजर्व बनेगा। इसे नीति परिवर्तन की तरह देखा जा रहा है, जिस तरह से देश सोने और डॉलर के रिजर्व रखते हैं उसी तरह से अब अमेरिका ने एक नई नीति की शुरूआत की है, जिसमें वह क्रिप्टोकरंसी को रिजर्व में रखेंगे। इसी के साथ कनाडा और मेक्सिको पर कुछ टैरिफ एक माह के लिए टाल दिया गया है। उधर भारतीय बाजारों में सोना और चांदी में अब मुनाफावसूली देखी जा रही है। व्यवसायी नीलेश सारड़ा के अनुसार अगले हफ्ते भी मुनाफा वसूली जारी रहेगी और होलाष्टक होने से भारतीय बाजारों में ग्राहकी कमजोर है और अब रंगपंचमी के बाद ही ग्राहकी निकलने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 2920$ ऊपर में 2922, नीचे में 2896 डॉलर प्रति औंस व चांदी 3246, ऊपर में 3268 नीचे में।

# नई कार के बीमा में 50फीसदी तक कर सकते हैं बचत



**एजेंसी ● नई दिल्ली**

अपनी पुरानी गाड़ी के नो क्लेम बोनस (एनसीबी) को ट्रांसफर करके नई गाड़ी के इंश्योरेंस पर काफी पैसे बचाए जा सकते हैं। पॉलिसीधारक को नो क्लेम बोनस तब मिलता है, जब उसने पिछले साल किसी भी प्रकार का क्लेम नहीं लिया हो। यह डिस्काउंट ओन डैमेज (ओडी) प्रीमियम पर दिया जाता है। ग्राहक अधिकतम कितना एनसीबी प्राप्त कर सकते हैं? शुरूआत में आपके ओन डैमेज इंश्योरेंस पर एनसीबी 0% होता है। अगर आप कोई क्लेम फाइल नहीं करते हैं तो एनसीबी हर साल बढ़ता जाता है। यह 20-50 फीसदी के बीच तक हो सकता है। पहले साल क्लेम फाइल न करने पर 20 फीसदी एनसीबी प्राप्त होता है। दूसरे साल यह बढ़कर 25 फीसदी, तीसरे साल 35 फीसदी, चौथे साल 45 फीसदी और पांचवें साल 50 फीसदी तक हो जाता है।

एनसीबी को नई इंश्योरेंस पॉलिसी में ट्रांसफर करें नो क्लेम बोनस केवल वाहन से जुड़े नहीं होते, बल्कि ये पॉलिसीधारक के साथ जुड़े होते हैं। इसका मतलब ये है कि आप अपने पुराने वाहन के एनसीबी को किसी भी नए वाहन पर ट्रांसफर कर सकते हैं, चाहे वह किसी भी ब्रांड का हो। हालांकि, ध्यान देने वाली बात यह है कि एनसीबी केवल समान प्रकार के वाहनों में यानी कार से कार और बाइक से बाइक में ही ट्रांसफर हो सकते हैं। गाड़ी का ओनर भी नहीं बदलना चाहिए।

# श्रीराम फाइनेंस ने दिग्गज राहुल द्रविड़ के साथ मिलकर शुरू किया

**मुंबई।** कैंपेन को प्रेर्णात्मक बनाने वाली स्टार पॉवर कैंपेन में क्रिकेट के दिग्गज राहुल द्रविड़ ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल हैं, जो टीमवर्क और दृढ़ता के मूल्यों को दशार्ते हैं, जिसका श्रीराम फाइनेंस भी समर्थन करता है। उनकी उपस्थिति, विकास को प्रेरित करने वाली साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

अभियान के प्रभाव को और बढ़ाते हुए, प्रसिद्ध अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने हिंदी एड फिल्म 'हर इंडियन के साथः जुड़ेंगे, उड़ेंगे' के संस्करण में अपनी आवाज दी है। ५० से अधिक वर्षों तक फिल्मों में अभिनय और निर्देशन करने वाले, पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कार विजेता को भारतीय सिनेमा में उनके विशेष योगदान के लिए कई पुरस्कार मिले हैं। श्रीराम फाइनेंस के संदेश के लिए उनकी शक्तिशाली आवाज, सार्थक साझेदारी के माध्यम से व्यक्तियों को उनके सपनों को प्राप्त करने में मदद करने के समर्पण पर जोर देती है। इस अभियान में तेलुगू संस्करण के लिए अकादमी पुरस्कार विजेता के. एस. चंद्रबोस द्वारा बोल लिखे गए है और तमिल संस्करण के लिए प्रशंसित गीतकार मधन कर्की द्वारा बोल लिखे गए हैं, जिससे विभिन्न क्षेत्रों के दर्शकों के साथ जुड़ना संभव होगा। व्यापक 360-डिग्री मीडिया दृष्टिकोण के साथ, अभियान प्रिंट, डिजिटल, टेलीविजन, सोशल मीडिया और आउटडोर प्लेटफॉर्म के साथ-साथ पूरे भारत में चुनिंदा सिनेमाघरों के माध्यम से दर्शकों तक पहुँचेगा। अगले दो महीनों में, अभियान को देश भर में प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें विविध शहरी और ग्रामीण दर्शकों को लक्षित किया जाएगा, ताकि श्रीराम फाइनेंस की वित्तीय यात्रा के हर चरण में ग्राहकों के साथ साझेदारी करने की प्रतिबद्धता को मजबूत किया जा सके। श्रीराम फाइनेंस ने प्रो कबड्डी लीग के साथ भी भागीदारी की है और दर्शक पीकेएल के दौरान यह विज्ञापन देख सकेंगे।

श्रीराम फाइनेंस में मार्केटिंग की एग्जेक्युटिव डायरेक्टर के रूप में कार्यरत, एलिजाबेथ वेंकटरमन ने अभियान के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा, ह्लटुगेदर, वी सोअरह्न, हर भारतीय के साथ खड़े होने और उनकी आकांक्षाओं का समर्थन करने के हमारे वादे का प्रतीक है - चाहे वह फिक्स्ड डेपॉजिट्स हो, वाहनों की फाइनेंसिंग हो, छोटे व्यवसायों के लोन हों, या गोल्ड या पर्सनल लोन आदि के माध्यम से धन तक त्वरित पहुँच प्रदान करना हो। सात भाषाओं में तैयार हमारा रचनात्मक दृष्टिकोण, हमें पूरे देश में विविध दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ने में मदद करेगा।



मुंबई के पैराडॉक्स म्यूजियम में वैलेंटाइन डे के दौरान सेल्फी लेता एक जोड़ा।

### लोग चिल्लाने लगे मंच टूटने की वजह से 7 से ज्यादा कांग्रेसी घायल हुए हैं

# भोपाल में कांग्रेस का प्रदर्शन, गिर गया मंच, 7 नेता घायल

**संवाददाता ● भोपाल**

**प्रदर्शन**

मध्यप्रदेश के भोपाल में विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन भोपाल में कांग्रेस विधानसभा का घेराव करने इकट्ठा हुए। रंगमहल चौराहे पर प्रदर्शन के बीच कांग्रेस का मंच टूट गया। मच टूटते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। लोग चिल्लाने लगे। मंच टूटने की वजह से 7 से ज्यादा कांग्रेसी घायल हुए हैं। घायलों में मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान भी हैं। इसमें जीतू पटवारी, हरीश चौधरी, राजीव सिंह भी शामिल हैं।

इस हादसे में कई महिला कार्यकर्ताओं को भी गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस को बुलाया गया। एंबुलेंस के सही समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण लोगों एक-दूसरे के निजी वाहने के जरिए अस्पताल पहुंचना पड़ा। जैसे ही प्रदर्शन के दौरान मंच टूट गया। कांग्रेसियों का प्रदर्शन और तेज हो गया। किसानों का प्रदर्शन ज्यादा बड़ा रूप न ले इसके लिए मौके पर पुलिसकर्मियों ने वाटर कैनन के साथ टियर स्मोक गैस की भी व्यवस्था की थी। मौके पर प्रदर्शनकारी इतनी ज्यादा संख्या में मौजूद वो पुलिसकर्मियों पर भारी पड़ गए। मौके पर मौजूद फोर्स को काफी मुश्किल उठानी पड़ी। पुलिस पहले से लोगों को रोकने की कोशिश कर रही थी, लेकिन जब मंच टूट गया तो कांग्रेस के नेताओं में आक्रोश देखने को मिला। उनका प्रदर्शन और तेज हो गया।

अपने-अपने हाथों में झंडा लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। उनका हंगामा भी तेज हो गया। प्रशासन पूरी तरह से उन्हें रोकने की कोशिश कर रही थी, लेकिन इसमें मौके पर मौजूद प्रदर्शनकारी प्रशासन की ओर आगे बढ़ रहे थे। यहां पर मंच को सुबह से ही सजाया जा रहा था, फिर भी अचानक के मंच टूटने से सभी हैरान थे। पूर्व कृषि मंत्री सचिन यादव और युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बैरिकेडिंग पर चढ़कर प्रदर्शन कर रहे थे। जीतू पटवारी बोले जारी रहेगा ऐसा प्रदर्शन उठते रहेंगे किसानों के मुद्दे।



## शॉट न्यूज

### भोपाल में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**भोपाल।** भोपाल के दो स्कूलों और एक राष्ट्रीय लैब को 10 मार्च को धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। बड़वई स्थित पोदार वर्ल्ड स्कूल और टीटी नगर स्थित सेंट मेरी स्कूल को धमकी दी गई कि उन्हें बम से उड़ा दिया जाएगा। वहीं, खजूरी क्षेत्र में स्थित नेशनल फोरेंसिक लैब के बाहर विस्फोटक सामग्री पड़े होने की सूचना मिली। इन घटनाओं के बाद पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की, लेकिन किसी भी स्थान पर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई। बता दें एक माह पूर्व भी भोपाल और इंदौर के स्कूलों को तेलुगू भाषा में धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ था। गांधी नगर थाना प्रभारी सुरेश फरकले ने बताया कि सोमवार को पोदार वर्ल्ड स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट पर एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस, बम डिफ्यूजन टीम और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंची और पूरे परिसर की गहन जांच की, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

### फीस नहीं भरने पर बच्चे को पेपर देने से रोका

**भोपाल।** भोपाल के प्रेसिडेंसी स्कूल में एक छात्र को फीस बाकी होने के कारण परीक्षा देने से रोकने का मामला सामने आया है। छात्र के पिता अजीम उद्दीन ने जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत पत्र सौंपकर स्कूल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, अरसलान उद्दीन, जो कि प्रेसिडेंसी स्कूल, डीआईजी बंगला, भोपाल में सातवीं कक्षा का छात्र है, उसे 1500 की बकाया फीस के कारण परीक्षा देने से रोक दिया गया। शिकायतकर्ता का दावा है कि उन्होंने पहले ही स्कूल को इस स्थिति की जानकारी दे दी थी, फिर भी उनके बेटे को परीक्षा से वंचित कर दिया गया। इस मामले की शिकायत बच्चे के पिता ने जिला शिक्षा अधिकारी से की है। छात्र के पिता अजीम उद्दीन का आरोप है कि उन्होंने पहले ही 6000 फीस जमा कर दी थी और शेष राशि को लेकर स्कूल प्रशासन को सूचित भी कर दिया था।

### डॉक्टर्स के साथ मारपीट का जूडा ने किया विरोध

**भोपाल।** हमीदिया अस्पताल में डॉक्टरों पर मरीज के परिजनों द्वारा किए गए हमले के विरोध में जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने विरोध प्रदर्शन किया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने घटना के संबंध में प्रशासन को लिखित पत्र देते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने की मांग की है। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने इस घटना को गंभीर बताते हुए प्रशासन से अस्पताल परिसर में सुरक्षा बढ़ाने और हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। घटना रविवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे हमीदिया अस्पताल के आईसीयू-3 में घटी। यहां इलाजरत मरीज डॉली बाई की मौत हो गई, जिसके बाद उनके परिजन और मौजूद भीड़ ने ऑन ड्यूटी डॉक्टरों पर हमला कर दिया।

### प्रदेश सरकार करेगी हरसंभव मदद

# मप्र लॉजिस्टिक्स सेक्टर में निवेश की बढ़ी संभावनाएं : सीएम यादव

**संवाददाता ● भोपाल**

**मदद**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आ रहा है। देश के केंद्र में स्थित होने के कारण यह प्रदेश उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम के व्यापार मार्गों को सुविधाजनक रूप से जोड़ते हुए एक प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब के रूप में उभर रहा है। आधुनिक बुनियादी ढांचे, मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और उद्योग समर्थक नीतियों के कारण प्रदेश निवेशकों के लिए नए अवसरों का द्वार खोल रहा है। लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में की जा रही रणनीतिक पहलों से मध्यप्रदेश अब सिर्फ ट्रांजिट पॉइंट नहीं, बल्कि पूरे भारत की आपूर्ति श्रृंखला का एक मजबूत आधार बन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश तेजी से लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग के हब के रूप में उभर रहा है। अपनी भौगोलिक स्थिति, उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे और उद्योग अनुकूल नीतियों के कारण यह प्रदेश निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन गया है। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी, अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स पार्क और डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम जैसी सुविधाएं इसे लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। प्रदेश में लॉजिस्टिक्स को मजबूती देने के लिए राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों का तेज़ी से विस्तार किया गया है। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे, उत्तर-दक्षिण फ्रेट कॉरिडोर और भारतमाला परियोजना प्रदेश को लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में एक महत्वपूर्ण केंद्र बना रही हैं। इंदौर और भोपाल में विकसित हो रहे मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) व्यापार को आसान और लागत प्रभावी बना रहे हैं। प्रदेश के छह प्रमुख हवाई अड्डों पर एयर कार्गो सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे लॉजिस्टिक्स सेक्टर को बड़ी ताकत मिल रही है। रीवा हवाई अड्डे के चालू होने से व्यापार और औद्योगिक परिवहन को नई रफ्तार मिली है। फार्मा, टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल और खाद्य प्र-संस्करण जैसे उद्योगों को अब कम समय में बेहतर लॉजिस्टिक्स सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं।



### निवेशकों को आकर्षित करने के लिए मजबूत नीति और प्रोत्साहन

मध्यप्रदेश सरकार लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रोत्साहन योजनाएं लेकर आई है। निश्चित पूंजी निवेश पर 30% तक की वित्तीय सहायता, स्टाम्प ड्यूटी में 100% छूट और लॉजिस्टिक्स पार्कों के लिए अनुदान जैसी योजनाएं निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं। ग्रीन लॉजिस्टिक्स को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार आईजीबीसी प्रमाणन प्राप्त इकाइयों को अतिरिक्त रियायतें दे रही है। प्रदेश की मजबूत आधारभूत संरचना, उन्नत तकनीक और उद्योग अनुकूल नीति इसे लॉजिस्टिक्स सेक्टर के सबसे प्रमुख निवेश केंद्रों में शामिल कर रही है। सरकार के स्पष्ट विजन और विकास रणनीति के चलते यह क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहा है।

#### डिजिटल तकनीक से लॉजिस्टिक्स-बिजनेस में आई ट्रांसपेरेंसी

प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत विकसित डिजिटल लॉजिस्टिक्स प्रणाली व्यापारियों के लिए एक बड़ा बदलाव लेकर आई है। एकीकृत कुशल लॉजिस्टिक्स सेवाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रदेश के लॉजिस्टिक्स हब में स्मार्ट वेयरहाउसिंग, ऑटोमैटेड ट्रैकिंग और डिजिटल डिलीवरी सिस्टम को बढ़ावा दिया जा रहा है।

#### औद्योगिक विकास एवं लॉजिस्टिक्स में तालमेल

प्रदेश में लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक विकास का गहरा तालमेल देखने को मिल रहा है। विक्रम उद्योगपुरी आईआईटीवीयूएल जैसी परियोजनाएं लॉजिस्टिक्स सेक्टर के विस्तार में बड़ी भूमिका निभा रही हैं। प्रदेश में स्थापित किए जा रहे 11 औद्योगिक गलियारे और 20 स्मार्ट औद्योगिक क्षेत्र लॉजिस्टिक्स उद्योग को नई ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। हरित ऊर्जा समाधान और इलेक्ट्रिक लॉजिस्टिक्स वाहनों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

### वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा पेश करेंगे सातवां बजट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार का दूसरा बजट 12 मार्च को वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा विधानसभा में पेश करेंगे। इस बजट को 25 लोगों की टीम ने करीब तीन माह में तैयार किया है। यह वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का सातवां बजट है। मध्य प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से शुरू हो रहा है। इसमें वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा मोहन सरकार का दूसरा बजट 12 मार्च को पेश करेंगे। करीब चार लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का बजट 25 लोगों की टीम ने तीन महीने में तैयार किया है। इस बार का बजट प्रधानमंत्री के मंत्र किसान, महिला, युवा और गरीब पर फोकस रहेगा। वित्त विभाग सभी विभागों का आकलन करने, फीडबैक लेने, अधिकारियों और मंत्रियों से चर्चा करने और जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेने के बाद तैयार किया जाता है। इसमें सरकार जनता की सहभागिता के लिए उनके और विशेषज्ञों के साथ भी बैठक कर सुझाव लेती है।

### 50 वर्ष के शख्स ने की मासूम से हैवानियत

**भिंड।** मध्य प्रदेश के भिंड जिले से एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने मानवता को शर्मसार कर दिया है। मेहगांव थाना क्षेत्र के कन्हारी गांव में एक 50 वर्षीय व्यक्ति ने 5 साल की मासूम बच्ची के साथ रेप की वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। न्यूज एजेंसी के अनुसार, बच्ची के माता-पिता ने 8 मार्च सुबह पुलिस को घटना की सूचना दी। हालांकि, यह घटना 3-4 मार्च की रात को हुई थी। माता-पिता ने बताया कि वे 3 मार्च को एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने गए थे। रात करीब 11:30 बजे बच्ची लापता हो गई, जिसके बाद परिवार ने पूरी रात उसे ढूंढने की कोशिश की। 4 मार्च को बच्ची रिश्तेदार के घर के दरवाजे के पास मिली। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे वहां छोड़ दिया था। शुरुआत में परिवार ने इस घटना पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया।

# सबसे पहले महाकाल मंदिर में होगा होली का दहन

### आरती का बदला समय, गाइडलाइन जारी



**संवाददाता ● उज्जैन**

**उत्सव**

कालों के काल बाबा महाकाल के दरबार में सबसे पहले होलिका दहन किए जाने के साथ ही इस उत्सव की शुरुआत धूमधाम से होती है, यह उत्सव इसलिए भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि इस उत्सव के साथ ही बाबा महाकाल के मंदिर में प्रतिदिन होने वाली आरतियों के समय में बदलाव होता है और बाबा महाकाल गर्म जल के स्थान पर ठंडे जल से स्नान करना शुरू कर देते हैं। महाकालेश्वर मंदिर में होली पर्व को लेकर विशेष तैयारी जारी है।

इस भस्म आरती में श्रद्धालुओं के प्रवेश को जहां सीमित कर दिया गया है। वहीं, यह गाइडलाइन भी जारी कर दी गई है कि होली पर सुबह होने वाली भस्म आरती के दौरान गुलाल का उपयोग कम से कम हो और यह गुलाल भी प्राकृतिक उत्पादों से तैयार होने के साथ ही श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के माध्यम से ही पुजारियों तक पहुंचे। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह ही इस वर्ष भी सबसे पहले फाल्गुन शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को श्री महाकालेश्वर मंदिर परिक्षेत्र में होलिका दहन किया जाएगा। गौरतलब है कि इस दौरान मंदिर के पुजारी होलिका का पूजन अर्चन करने के साथ ही पूर्ण विधि विधान के साथ होली का उत्सव मनाएंगे और इसके अगले दिन 14 मार्च को सुबह 4 बजे फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा पर बाबा महाकाल को भस्म आरती में गुलाल अर्पित किया जाएगा। याद रहे कि पिछले वर्ष होली पर श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में एक बड़ा हादसा हो गया था, जिसमें अचानक लगी आग के कारण कई पुजारी झुलस गए थे और एक की मौत भी हो गई थी।

इस साल प्रशासन ने इस प्रकार की घटना की कोई पुनरावृत्ति ना हो इसको देखते हुए गाइडलाइन जारी की है। श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के अध्यक्ष और कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि इस साल होली पर सुबह 4 बजे होने वाली भस्म आरती में सीमित मात्रा में ही श्रद्धालुओं को एंट्री दी जाएगी।

#### महाकाल अब ठंडे जल से करेंगे स्नान

ऐसा माना जाता है कि चैत्र कृष्ण पक्ष की प्रथमा तिथि से गर्मी की शुरुआत हो जाती है। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में भी इसी दिन से बाबा महाकाल को ठंडे जल से स्नान करवाया जाता है। श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि महाकाल मंदिर में भगवान महाकाल को गर्म और ठंडे जल से स्नान करने की परंपरा में वर्ष में दो बार बदलाव किया जाता है। इस साल भी क्षेत्र कृष्ण पक्ष की प्रथमा तिथि 15 मार्च से बाबा महाकाल ठंडे जल से स्नान करेंगे।

### कटनी से लेकर भोपाल तक हड़कंप

# तहसीलदार पति की डीजीपी से गुहार, सीएसपी को ब्लैकमेल कर रहे एसपी

**संवाददाता ● कटनी**

**हड़कंप**

मध्यप्रदेश से एक अलग ही मामला सामने आया है, यहां एक एसपी पर बड़ा आरोप लगाया गया है। खास बात ये ही आरोप लगाने वाला कोई और नहीं बल्कि एक तहसीलदार है, जिनकी पत्नी सीएसपी है। तहसीलादर के आरोप के मुताबिक एसपी उनकी पत्नी को ब्लैकमेल कर रहे हैं और उनका परिवार तोड़ना चाहते है। जिसकी शिकायत उन्होंने डीजीपी और प्रमुख सचिव से की है और पत्नी का तबादला कहीं दूसरे जिले में करने की मांग की है। मामला कटनी एसपी से जुड़ा है, जहां सीएसपी के पद पर ख्याति मिश्रा नाम की महिला अधिकारी कार्यरत हैं। वहीं उनके पति डॉ। शैलेंद्र बिहारी शर्मा दमोह जिले के पटेरा में तहसीलदार के पद पर पदस्थ हैं। शैलेंद्र ने डीजीपी और प्रमुख सचिव को पत्र लिखा है कि उनकी पत्नी ख्याति मिश्रा कटनी में सीएसपी हैं और कटनी एसपी अभिजीत कुमार रंजन उनका परिवार तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। शर्मा ने डीजीपी को लिखे पत्र में कहा है कि कटनी एसपी उनकी पत्नी की नौकरी चाट लेने की धमकी देने के साथ उसे ब्लैकमेल कर रहे हैं। शर्मा ने अपनी पत्नि का तबादला कटनी से सतना, रीवा, सीधी करने की मांग की है।



#### तहसीलदार के चाचा ने भी डीजीपी से की शिकायत

इसके साथ ही तहसीलदार के चाचा जबलपुर हाईकोर्ट के वकील देवेंद्र शर्मा ने भी मध्य प्रदेश के डीजीपी को शिकायत की है। उनका कहना है कि कटनी एसपी अभिजीत कुमार रंजन उन्हें धमकी दे रहे हैं और उनकी रेकी करा रहे हैं। वकील का कहना है कि उन्हें कटनी एसपी से जान का खतरा है। इसकी वजह उनकी बहु ख्याति मिश्रा है, जिसे एसपी द्वारा ब्लैकमेल किया जा रहा है।

### दमोह के कलेक्टर, एसपी को भी शिकायती पत्र मिले

वहीं दमोह के कलेक्टर, एसपी को भी ये शिकायती पत्र मिले हैं। दमोह एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी का कहना है कि आवेदन मिला है लेकिन ये उनके कार्यक्षेत्र का मामला नहीं है लिहाजा शिकायत को संबंधित अधिकारियों के पास भेजा जाएगा। एसपी ये भी कहा कि पटेरा तहसीलदार ने फिलहाल सुरक्षा जैसी मांग नहीं की है और अगर वो मांग करेंगे तो उन्हें नियमानुसार सुरक्षा दी जाएगी। दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर ने भी शिकायत मिलने की पुष्टि की है। कलेक्टर के मुताबिक तहसीलदार पटेरा की शिकायत मिली है लेकिन मामला जिले से संबंधित नहीं है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से व्यक्तिगत पारिवारिक मामला है। कोचर ने कहा कि वो इस बारे में कोई कमेंट्स नही करेंगे। इस मामले में सरकार और डीजीपी प्रमुख सचिव संज्ञान लेंगे। उन्होंने ने बताया कि तहसीलदार लंबे समय से छुट्टी पर हैं, उनकी छुट्टी स्वीकृत की गई है। वहीं इन आरोपों पर कटनी एसपी अभिजीत कुमार रंजन की फिलहाल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। बहरहाल एक बड़े आईपीएस अफसर के ऊपर गंभीर आरोप लगे हैं और ये मामला सूबे में सुर्खियों में छाया हुआ है।

# रूपल पटेल ने दर्शकों से की गुज़ारिश

## कहा इशा पाठक उर्फ़ गौरी को दें अपना प्यार और दिल से करें स्वीकार



जब दो सशक्त महिलाएँ साथ आती हैं, तो वे एक अविस्मरणीय कहानी रचती हैं! कोकिला बेन के किरदार में दर्शकों का दिल जीतने वाली रूपल पटेल इस महिला दिवस पर एक और मजबूत महिला का स्वागत करने के लिए तैयार हैं जो सन नियो के नए शो 'रिश्तों से बंधी गौरी' में गौरी का मुख्य किरदार निभा रही हैं। इशा पाठक और रूपल पटेल इन दोनों ने एक खास प्रोमो के लिए साथ शूट किया, जो दर्शकों के लिए एक खास और यादगार पल बन गया। गौरी का स्वागत करते हुए और उन्हें आशीर्वाद देते हुए अनुभवी अभिनेत्री रूपल पटेल कहती हैं,'मुझे यह खुशखबरी आप सभी के साथ साझा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। पहली बार मैं सन नियो के साथ एक खास प्रोजेक्ट लेकर आ रही हूँ, जिसका नाम है 'रिश्तों से बंधी गौरी'। पूरे दिल से, मैं आपको गौरी से मिलवा रही हूँ। जिस तरह आपने मुझे हमेशा प्यार और समर्थन दिया है, उसी तरह अब मैं आपसे अनुरोध करती हूँ कि गौरी को भी अपने जीवन में अपनाएँ। उसे अपने दिल में जगह दें, अपने घर की बेटी और बहू बनाएँ। उसे अपना आशीर्वाद और प्यार दें और उसे खुले दिल से स्वीकार करें।"

**महिला सशक्तिकरण पर बात करते हुए रूपल पटेल आगे कहती हैं** - 'इस खास महिला दिवस के अवसर पर, मैं सिर्फ इतना कहना चाहती हूँ कि मुझे एक महिला होने पर गर्व है जो एक बेटी, एक माँ, एक पत्नी और एक बहू है। इन सभी रिश्तों में प्यार, सम्मान और गरिमा होती है। मेरी ओर से उन सभी अद्भुत महिलाओं को दिल से शुभकामनाएँ—आप अपने साहस और गरिमा से अपने परिवार, समाज और देश को ऐसे ही आगे बढ़ाती रहें।' गौरी को सीख देते हुए वे कहती हैं,'मेरा गौरी के लिए एक ही संदेश है प्यार से आगे बढ़ो, अपने दिल और बाहें खोलो और लोगों से स्नेह और सकारात्मकता के साथ जुड़ो। जो प्रेम और आशीर्वाद तुम दूसरों को दोगी, वह हमेशा लौटकर तुम्हारे पास आएगा। अपने परिवार के साथ हर कठिन घड़ी में खड़ी रहो और वे हमेशा तुम्हारे साथ खड़े रहेंगे।' देखिए 'रिश्तों से बंधी गौरी' इस 10 मार्च से हर सोमवार से रविवार, रात 08:30 बजे, सिर्फ सन नियो पर!




# जब ऐश्वर्या राय ने ठुकरा दी थी पति अभिषेक की फिल्म



हिंदी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री ऐश्वर्या राय ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं, लेकिन उनके करियर में ऐसे कई मोड़ भी आए जब उन्होंने कई फिल्मों को रिजेक्ट कर दिया था। लेकिन ऐसे में ऐश्वर्या ने एक सुपरहिट फिल्म को भी रिजेक्ट कर दिया था जिसने बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई की थी। फिल्म हैप्पी न्यू ईयर साल 2014 में रिलीज हुई थी। इसमें ऐश्वर्या राय के पति अभिषेक बच्चन ने भी अहम भूमिका निभाई थी। इस सुपरहिट फिल्म का डायरेक्शन फराह खान ने किया था। ऐश्वर्या को भी ये फिल्म ऑफर हुई थी, लेकिन उन्होंने शाहरुख खान के चलते इस फिल्म में काम करने से मना कर दिया था। एक बार ऐश्वर्या ने खुद इस मुद्दे पर बात की थी। ऐश्वर्या ने क्यों रिजेक्ट की थी हैप्पी न्यू ईयर? हैप्पी न्यू ईयर में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण, सोनू सूद, बोमन ईरानी और अभिषेक बच्चन ने काम किया था। फिल्म का ऑफर ऐश्वर्या राय को भी मिला था। लेकिन उन्होंने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। एक्ट्रेस ने एनडीटीवी को दिए अपने एक पुराने इंटरव्यू में कहा था, 'फिल्म की कहानी काफी मजेदार थी ये मुझे ऑफर की गई थी। मेरे लिए फिल्म में काम करना मजेदार एक्सपीरियंस होता'।

# ऋतिक की मां को नहीं पसंद आई इब्राहिम-खुशी की 'नादानियां'!





सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान ने भी अपना बॉलीवुड डेब्यू कर लिया है। स्टारकिड ने 'नादानियां' से अपना एक्टिंग डेब्यू किया है, जो हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। इस फिल्म में इब्राहिम के साथ दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी और फिल्ममेकर बोनी कपूर की छोटी बेटी खुशी कपूर लीड रोल में हैं। फिल्म को दर्शकों से मिला-जुला रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस बीच सोशल मीडिया पर 'नादानियां' पर एक रिव्यू की काफी चर्चा है, जिस पर ऋतिक रोशन की मां पिंकी रोशन का कमेंट वायरल हो रहा है। इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की फिल्म 'नादानियां' पर ऋतिक रोशन की मां पिंकी रोशन के कमेंट की काफी चर्चा हो रही है। दरअसल, पिंकी रोशन ने नादानियां के एक नेगेटिव रिव्यू पर प्रतिक्रिया दी है। फ्रेडी बर्डी ने अपने इंस्टाग्राम पर नादानियां को लेकर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उनका कहना था कि उन्होंने अब तक ये फिल्म नहीं देखी है, क्योंकि उन्हें ये वास्तविकता से बहुत दूर लगती है।= उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा- 'दो चीजें, जो नादानियां का रिव्यू लिखने से डिस्क्वालिफाई करती हैं। एक तो मैं 20 साल का नहीं हूं और दूसरा मेरे पास दिमाग है।




प्रेम, विश्वास और तक़दीर की अनोखी कहानी

# सन नियो लेकर आ रहा है 'रिश्तों से बंधी गौरी'

कहते हैं कि नक्षत्र केवल आकाश में टिमटिमाते सितारे नहीं, बल्कि हमारी तक़दीर की लकीरें भी होते हैं। कुछ ऐसे ही भाग्य का खेल लेकर आ रहा है सन नियो का नया शो 'रिश्तों से बंधी गौरी', जिसमें पुष्य नक्षत्र में जन्मी गौरी को अखंड सौभाग्यवती होने का वरदान प्राप्त है। महेश्वर का बुंदेला परिवार, जो अपने पुराने श्राप से छुटकारा पाने के लिए गौरी को उसके सौभाग्य के कारण बहू बनाकर लाता है लेकिन इसके बाद गौरी का जीवन परीक्षाओं से गुजरने लगता है। क्या उसका विश्वास और ताकत बुंदेला परिवार की तकदीर बदल पाएगा? जानिए इस भावनात्मक यात्रा में, 10 मार्च से, हर रात 8:30 बजे सिर्फ सन नियो पर! 'रिश्तों से बंधी गौरी' की कहानी साफ़ दिल वाली, हिम्मती लड़की गौरी के इर्द-गिर्द घूमती है। उसकी श्रद्धा और समर्पण और शांत स्वभाव उसे हर मुश्किल घड़ी में सहारा देते हैं, लेकिन जब नियति उसे एक अनचाहे विवाह के बंधन में बांध देती है, तो उसका जीवन कई कठिनाइयों से भर जाता है। बुंदेला परिवार की बहू बनने के बाद, बदलते रिश्तों और घर की परिस्थितियों के बीच गौरी अपनी समझदारी से काम लेती है। ऐसे में क्या वह अपने साहस और विश्वास से बुंदेला परिवार में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर पाएगी? 'रिश्तों से बंधी गौरी' एक शानदार कलाकारों की टोली के साथ दर्शकों के दिलों को छूने आ रही है। इस शो में ईशा पाठक (गौरी की भूमिका में), सावी ठाकुर (रुद्र प्रताप सिंह की भूमिका में) और स्वाति शाह (जगदंबा देवी की भूमिका में) प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। 'रिश्तों से बंधी गौरी' में मुख्य भूमिका निभा रहीं इशा पाठक ने अपने किरदार के बारे में बताते हुए कहा, 'सन नियो के इस शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास है। गौरी एक ऐसी लड़की है जो समस्याओं को बढ़ाने के बजाय उन्हें सुलझाने में विश्वास रखती है। वह शांति से रहने को महत्व देती है, सभी का सम्मान करती है और उसका दिल जितना दृढ़ है, उतना ही क्षमशील भी है। शादी के बाद वह परिवार का दिल जीतकर उनकी स्वीकृति पाना चाहती है | इस किरदार को जीवंत करना मेरे लिए भावनात्मक और प्रेरणादायक अनुभव रहा है और मैं दर्शकों को उसकी कहानी से जुड़ते देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।' रुद्र प्रताप सिंह की भूमिका निभा रहे अभिनेता सवी ठाकुर ने अपने किरदार को लेकर कहा,'रिश्तों से बंधी गौरी' एक ऐसी कहानी है जो भावनाओं, रिश्तों और संघर्षों से भरी हुई है और इस शो में रुद्र का किरदार निभाना मेरे लिए गर्व की बात है। रुद्र एक मॉडर्न और सही का साथ देने वाला इंसान है, जो अपनी दादी से बेहद प्यार करता है और हमेशा सही फैसले लेने की कोशिश करता है। वह अपनी जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी से निभाता है, लेकिन अपने जज्बातों के प्रति भी सच्चा रहता है। इस शो का हिस्सा बनना मेरे लिए एक अद्भुत अनुभव रहा है और मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्साहित हूं।'इसका प्रीमियर देखना न भूलें, सोमवार, 10 मार्च से हर रात 8:30 बजे, सिर्फ सन नियो पर!






# शालिनी पांडे और कार्तिक आर्यन की जोड़ी ऑन-स्क्रीन परफेक्ट

जानेमाने अभिनेता गजराव राव ने कहा है कि शालिनी पांडे और कार्तिक आर्यन की जोड़ी ऑन-स्क्रीन परफेक्ट होगी। शालिनी पांडे इन दिनों अपनी हाल ही में रिलीज़ हुई सीरीज 'डब्बा कार्टेल' की सफलता का आनंद ले रही हैं, जिसमें शबाना आज़मी और ज्योतिका भी अहम भूमिका में हैं। इस शो को दर्शकों और प्रशंसकों से खूब सराहना मिल रही है, खासतौर पर शालिनी के किरदार 'राजी' को काफी पसंद किया जा रहा है। हाल ही में आयोजित आइफा अवॉर्ड्स में दिग्गज अभिनेता गजराज राव ने शालिनी पांडे को कार्तिक आर्यन के साथ ऑन-स्क्रीन पेयरिंग के लिए एक बेहतरीन विकल्प बताया। गजराज राव ने कहा, मेरे दिमाग में दो नाम आते हैं। पहला है शिवानी रघुवंशी, जिनके साथ मैंने 'दुपहिया' में काम किया था,और दूसरा है शालिनी पांडे, जिनके साथ मैंने हाल ही में 'डब्बा कार्टेल' नाम की वेब सीरीज़ की थी। वो कार्तिक आर्यन के लिए एक बेहतरीन ऑन-स्क्रीन पार्टनर हो सकती हैं।' 'अर्जुन रेड्डी', 'जयेशभाई जोरदार', 'महाराज' और हाल ही में रिलीज़ हुई 'डब्बा कार्टेल' जैसी दमदार फिल्मों में अपनी प्रभावशाली अदाकारी से दर्शकों को प्रभावित कर चुकीं शालिनी पांडे ने सिनेमा में अपनी अलग पहचान बनाई है। अब गजराज राव की ये सिफारिश उनके और कार्तिक आर्यन के बीच संभावित सहयोग को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा रही है। कार्तिक की आकर्षक शख्सियत और शालिनी की दमदार स्क्रीन प्रेज़ेंस के साथ, यह जोड़ी बड़े पर्दे पर नई और दिलचस्प केमिस्ट्री पेश कर सकती है।

# किसी से टक्कर का डर या कुछ और प्रभास की 450 करोड़ी फिल्म क्यों हुई पोस्टपोन?



पैन इंडिया स्टार प्रभास 'द राजा साब' के नाम से एक फिल्म लेकर आ रहे हैं। लंबे समय से फिल्म को लेकर बज बना हुआ है। फिल्म की रिलीज डेट भी तय थी। 10 अप्रैल 2025। हालांकि, कुछ महीने पहले ऐसी खबरें आई थीं कि ये फिल्म पोस्टपोन हो गई। यानी रिलीज के लिए लंबा इंतजार करना होगा। हालांकि, पोस्टपोन होने की असल वजह सामने नहीं आई थी। पर अब उसका भी पता चल गया है। पहले ऐसा कहा जा रहा था कि यश की 'टॉक्सिक' भी 10 अप्रैल को ही रिलीज होने वाली है। ऐसे में इस क्लैश से बचने के लिए 'द राजा साब' को पोस्टपोन किया गया। सनी देओल की जाट भी इसी तारीख पर आ रही है। हालांकि, प्रभास की फिल्म की रिलीज डेट टलने की वजह कुछ और ही है।

### क्यों पोस्टपोन हुई 'द राजा साब'?

फिल्म की टीम से जुड़े एक सूत्र ने बताया है कि ये फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज नहीं होगी। डायरेक्टर मारुति की इस फिल्म में ढेर सारा वीएफएक्स है और वो इस तरह पेश करना चाहते हैं कि ऑडियंस को शानदार एक्सपीरियंस मिले। इस वजह से ही फिल्म को पोस्टपोन किया गया है। हालांकि, अब ये फिल्म कब रिलीज होगी, ये अभी फाइनल नहीं हुआ है। हालांकि, इस साल कई डेट्स खाली हैं, जिनमें से किसी एक पर ये फिल्म रिलीज की जा सकती है। मेकर्स नई डेट्स का ऐलान तभी करेंगे जब उन्हें लगेगा कि पोस्ट प्रोडक्शन का काम सही से चल रहा है। कुछ समय पहले प्रभास शूटिंग करते समय सेट पर घायल हो गए थे। एक वजह ये भी बताई जा रही थी कि उनके घायल होने की वजह से ही फिल्म पोस्टपोन की गई, क्योंकि शूटिंग में देरी हो रही है। हालांकि, सूत्र ने इसे गलत बताया है। बहरहाल, अब साफ हो चुका है कि वीएफएक्स वर्क की वजह से फिल्म पोस्टपोन हुई है। हालांकि, अब ये देखना होगा कि मेकर्स इसे कब तक रिलीज करते हैं।

## न्यूज कॉलम

### किसान की पेड़ पर लटकी मिली लाश

**महासमुंद।** ग्राम सिघनपुर के किसान की अपने खेत के नीम पेड़ में फांसी पर लटकी हुई लाश मिली है. बेटे का कहना है कि बिजली कटौती से फसल बर्बाद होने से किसान परेशान था. वहीं पुलिस ने जांच से पहले कुछ भी कहने में असमर्थता जताई हैपटेवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिघनपुर में आज सुबह परिजनों ने किसान पूरन निषाद की लाश उसके खेत में लगे नीम के पेड़ में लटकी हुई देखी. इसकी तत्काल सूचना पुलिस को दी. मृतक के बेटे ने बताया कि मृत किसान ने झलप स्थित ग्रामीण सेवा सहकारी बैंक से डेढ लाख का केसीसी कर्ज लिया था. इसके अलावा भी साहूकारों से लगभग डेढ़ लाख का कर्ज लिया था. मृत किसान के बेटे तुलेश्वर निषाद ने बताया कि खेती-बाड़ी की वजह से पिताजी परेशान थे. खेत में बोर खुदवाए थे, एक बोर चल रहा था, लेकिन बिजली कटौती की वजह से खेत सूख गया. घर में कोई झगड़े वाली कोई बात नहीं थी।

### मोबाइल टावर लगाए जाने का विरोध

**रायपुर.** शहर के गुढ़ियारी इलाके में स्थानीय लोग नए मोबाइल टावर के लगाए जाने का विरोध कर रहे हैं. रहवासियों का कहना है कि मोबाइल टावर लगने से क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य पर नकरात्मक प्रभाव पड़ेगा. स्थानीय लोगों ने अपनी समस्या को लेकर कलेक्टर से मांग की है कि यहां टावर ना लगाया जाए. पूरा मामला गुढ़ियारी के अशोक नगर का है. जहां मोबाइल टावर को लगाने का कार्य जारी है. इस बीच लोगों ने आज नारेबाजी करते हुए इसका विरोध करना शुरू कर दिया. साथ ही मोबाइल टावर को हटाए जाने की मांग की जा रही है. स्थानीय रहवासी रमाकांत शर्मा ने कलेक्टर से मांग करते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र सेवई फेक्ट्री के पास अशोक नगर गुढ़ियारी ए.पी.जे. कलाम वार्ड क्रमांक 19 रायपुर में मोबाइल टावर लग रहा है. जबकि यह एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है, अगर यहां मोबाइल टॉवर की स्थापना हो जाती है. तो उसके उच्च रेडियेशन से आस-पास का वातावरण खराब हो जायेगा।

### राजधानी के पुराने नगर निगम कैंपस में लगी भीषण आग



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में जयस्तंभ चौक के पास स्थित पुराने नगर निगम कैंपस में मंगलवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई. आग कबाड़ और कचरे में लगी थी, जिससे इलाके में धुएं का गुबार छा गया.आगजनी की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया. हालांकि, आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है. राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है.

# बस्तर पंडुम 2025 का आज से भव्य आगाज, सजेगा लोकसंस्कृति का मंच

संवाददाता ● रायपुर

छत्तीसगढ़ की अनूठी आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से ह्यह्यबस्तर पंडुम 2025 का भव्य आयोजन 12 मार्च से शुरू हो रहा है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप इस आयोजन के माध्यम से बस्तर संभाग की समृद्ध लोककला, रीति-रिवाज, पारंपरिक जीवनशैली और सांस्कृतिक विरासत को संजोने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है. यह महोत्सव न केवल बस्तर के प्रतिभाशाली कलाकारों को एक मंच प्रदान करेगा, बल्कि उनकी कला को नई पहचान और प्रोत्साहन भी देगा.

बस्तर पंडुम 2025 में जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य, वाद्ययंत्र, पारंपरिक वेशभूषा एवं आभूषण, शिल्प-चित्रकला और जनजातीय व्यंजन एवं पारंपरिक पेय से जुड़ी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी. ये स्पधाएं तीन चरणों में संपन्न होंगी. जनपद स्तरीय प्रतियोगिता 12 से 20 मार्च, जिला स्तरीय प्रतियोगिता 21 से 23 मार्च, संभाग स्तरीय प्रतियोगिता दंतेवाड़ा में 1 से 3 अप्रैल तक सम्पन्न होगी. प्रत्येक स्तर पर प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे.



## बस्तर की लोककला और परंपराओं का भव्य प्रदर्शन

इस महोत्सव में बस्तर की पारंपरिक नृत्य-शैली, गीत, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण और पारंपरिक व्यंजनों का शानदार प्रदर्शन होगा. प्रतियोगियों के प्रदर्शन को मौलिकता, पारंपरिकता और प्रस्तुति के आधार पर अंक दिए जाएंगे. आयोजन में समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नागरिकों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा. प्रतियोगिता के विजेताओं के चयन के लिए एक विशेष समिति बनाई गई है, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ आदिवासी समाज के वरिष्ठ मुखिया, पुजारी और अनुभवी कलाकार शामिल रहेंगे. इससे प्रतियोगिता में पारदर्शिता बनी रहेगी और पारंपरिक लोककला को न्याय मिलेगा।

## बस्तर की संस्कृति को सहेजने का सुनहरा अवसर

बस्तर पंडुम 2025- सिर्फ एक महोत्सव नहीं, बल्कि बस्तर की गौरवशाली संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने तथा उन्हें वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने का प्रयास है. यह आयोजन बस्तर के कलाकारों के लिए सुनहरा अवसर है, जिससे वे अपनी कला और परंपराओं को संरक्षित करने के साथ-साथ एक नई पहचान भी बना सकेंगे. छत्तीसगढ़ की अनमोल विरासत को जीवंत रखने का यह महोत्सव प्रत्येक नागरिक के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहेगा।

नई औद्योगिक नीति का असर

# 125 दिनों में राज्य को मिले 1 लाख करोड़ से अधिक के 31 निवेश प्रस्ताव

संवाददाता ● रायपुर

राज्य की औद्योगिक इकाइयों के अनुदान/छूट संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए सिंगल विण्डो सिस्टम की व्यवस्था की गई है, जिसमें प्रकरणों का समयावधि में निराकरण किया जा रहा है. नई औद्योगिक विकास नीति लागू होने के मात्र 125 दिनों में राज्य को 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक के कुल 31 प्रस्ताव निवेश के लिए प्राप्त हो चुके हैं. इस बात की जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने विधानसभा में विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान दी।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के विभागों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 965 करोड़ 18 रुपए की अनुदान मांगे पारित की गई. इसमें वाणिज्य एवं उद्योग विभाग से संबंधित व्यय के लिए 709 करोड़ 87 लाख रुपए तथा श्रम विभाग के लिए 255 करोड़ 31 हजार 9 हजार रुपए शामिल हैं. विभागीय मंत्री लखनलाल देवांगन ने सदन में कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार द्वारा 01 नवंबर 2024 से औद्योगिक विकास नीति 2024-30 लागू की गई है. इसका मूल विषय अमृत काल छत्तीसगढ़ विजन-2047 रखा गया है. उन्होंने कहा कि पहली बार किसी राज्य ने अपनी नीति को विकास का आधार बनाकर रोजगार प्रदान करने पर जोर दिया है. इसके लिए श्रम-प्रधान उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दिया गया है, जो अधिकतम रोजगार प्रदान करने में सक्षम हैं. विशेषकर, जो इकाइयां 1000 से अधिक रोजगार सृजित करेंगी, उन्हें मंत्रिमंडलीय उपसमिति द्वारा अनुमोदित अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा. इकाइयों के द्वारा दिव्यांगजन, सेवानिवृत्त अग्निवीर या आत्मसमर्पित नक्सली को रोजगार दिये जाने पर इस विषय पर विशेष अनुदान प्रदान किया जाएगा.

देवांगन ने सदन में बताया कि स्थानीय श्रमिकों को औपचारिक रोजगार में परिवर्तित करने के लिए प्रशिक्षण प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है. उद्योगों में नियोजित राज्य के निवासियों के प्रशिक्षण पर प्रति व्यक्ति 15 हजार रुपए की प्रशिक्षण वृत्ति प्रतिपूर्ति एवं कर्मचारियों पर होने वाले ईपीएफ व्यय की प्रतिपूर्ति का प्रावधान किया गया है. राज्य में पूंजी निवेश को आकर्षित करने के लिए औद्योगिक नीति 2024-30 के अंतर्गत स्थापित होने वाले औद्योगिक इकाइयों को ब्याज अनुदान, स्थायी पूंजी निवेश अनुदान, मार्जिन मनी अनुदान, गुणवत्ता प्रमाणीकरण अनुदान जैसे विभिन्न अनुदान एवं छूट प्रदान किए जाएंगे. नई औद्योगिक नीति में भूमि, भवन एवं बैंक ऋण पर स्टाम्प शुल्क भुगतान से पूर्ण छूट एवं 6 वर्ष से 10 वर्ष तक विद्युत शुल्क से पूर्ण छूट का प्रावधान किया गया है. इसमें कई सेवाओं के लिए प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को समाप्त करते हुए स्व-घोषणा को मान्य किया जा रहा है, जिससे प्रक्रिया और भी सरल हो गई है. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री देवांगन ने बताया कि वर्तमान में राज्य में 34 औद्योगिक क्षेत्रो/पार्कों की स्थापना की जा चुकी है. आने वाले समय में 4 नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है. राज्य के विभिन्न जिलों में नवीन फूड पार्क, रायपुर जिले में जेम्स एण्ड ज्वेलरी पार्क और प्लास्टिक पार्क, नवा रायपुर में फार्मास्युटिकल पार्क एवं जांजगीर-चांपा जिले में स्मार्ट इण्डस्ट्रियल पार्क की स्थापना की जाएगी. राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वयं के उद्यम स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैण्ड-अप इंण्डिया योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है. औद्योगिक नीति 2024-30 में युवाओं के लिये एक नई योजना छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना का प्रावधान किया गया है, जिसमें ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा.देवांगन ने सदन में बताया कि राज्य की औद्योगिक इकाइयों के अनुदान/छूट संबंधित प्रकरणों के निराकरण के लिए सिंगल विण्डो सिस्टम की व्यवस्था की गयी है, जिसमें प्रकरणों का समयावधि में निराकरण किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में बिना ठोस तैयारी के उद्योगों के साथ एमओयू कर दिये जाते थे, जिससे राज्य को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता था. हमारी सरकार एमओयू के स्थान पर इन्वीटेशन टू इन्वेस्ट जारी कर रही है. यह उन निवेशकों को दिया जाता है जो निवेशक हमारी औद्योगिक नीति एवं अनुदान प्रोत्साहन से प्रभावित होकर राज्य में निवेश करने की अभिरूचि लिखित में प्रस्तुत करते हैं।

## पोलीमेटेड इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड ने राज्य में 1143 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव

देवांगन ने बताया कि पोलीमेटेड इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड ने राज्य में 1143 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया है. नवा रायपुर में इसका प्लांट बनने जा रहा है. इसी तरह यस फैन एण्ड एप्लाईन्सेस और रेक बैंक डाटा सेंटर ने भी नवा रायपुर में उद्योग लगाने के लिए जमीन का चयन कर लिया है. अब्रेल ग्रीन एनर्जी ने मुंगेली में सोलर पावर के लिए भूमि का चयन किया है. राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इसे उद्योग का दर्जा देते हुए विभिन्न अनुदानों एवं छूटों का प्रावधान किया गया है. नए बजट में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के लिए नया रायपुर में कार्यालय निर्माण हेतु 5 करोड़ रुपए के बजट प्रावधान के साथ ही रियायती दर पर भूमि आवंटन का प्रावधान किया गया है. इससे व्यापारिक संगठनों को एक मजबूत मंच मिलेगा और वे राज्य में औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन में अपनी भूमिका निभा सकेंगे।



## उद्योग केंद्र कार्यालयों के भवन निर्माण के लिए 15.60 करोड़ का बजट

नए बजट में राज्य के 06 जिलों राजनांदगांव, जगदलपुर, कोंडागांव, बालोद, महासमुंद एवं बिलासपुर में नवीन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कार्यालयों के भवन निर्माण के लिए 15.60 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है. इससे प्रशासनिक कार्यों में दक्षता आएगी और उद्यमियों को सरकार की योजनाओं एवं नीतियों का त्वरित लाभ मिलेगा. श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने विभाग की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि श्रम विभाग द्वारा संगठित/ असंगठित/ निर्माण क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के कार्य किए जाते हैं. विभाग द्वारा श्रमिकों की कार्यदशा, सेवा शर्तों एवं कार्यक्षेत्र में स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं औद्योगिक शांति स्थापित करने के लिए विभिन्न श्रम कानूनों का प्रवर्तन सुनिश्चित किया जाता है. उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना प्रदेश के सभी जिलों में प्रारंभ करने की घोषणा की गई थी. विभाग द्वारा गत वर्ष 06 जिलों में 16 और इस वर्ष 13 जिलों में 31 भोजन केन्द्र प्रारंभ किए जा चुके हैं. आगामी वर्ष 2025-26 में राज्य के सभी जिलों में इसका विस्तार किया जाएगा।

अब तक 470 अपराधियों को दी गई चेतावनी

# होली से पहले 50 से अधिक चाकूबाजों-हिस्ट्रीशीटर्स की लगी क्लास



संवाददाता ● बलरामपुर

राजधानी के होली त्योहार पर सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने कड़े कदम उठाए हैं. पुलिस उपमहानिरीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निदेर्शानुसार शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रहने वाले 70 से अधिक चाकूबाजों, हिस्ट्रीशीटरों और अपराधियों को क्राइम ब्रांच में हाजिर कर कड़ी समझाइश दी गई.होली पर संभावित अपराधों को रोकने और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए पुलिस पहले से ही सतर्क है. अब तक 470 से अधिक अपराधियों को क्राइम ब्रांच में तलब कर सख्त चेतावनी दी जा चुकी है. पुलिस अधिकारियों ने चेताया कि अगर वे त्योहार के दौरान हुड़दंग मचाते या किसी भी अवैध गतिविधि में संलिप्त पाए गए, तो उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी.वहीं रायपुर जिले के अन्य थानों में भी चाकूबाजों, हिस्ट्रीशीटरों और अपराधियों को हाजिर कर क्लास लगाई. इस बार होली पर फिक्स प्वाइंट पेट्रोलिंग को एक्टिवेट किया जाएगा. साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए जाएंगे।

## आरक्षक की जंगल में फांसी के फंदे से लटकी मिली लाश

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के बड़ाजी थाने में पदस्थ एक पुलिस आरक्षक ने आत्महत्या कर ली है. मृतक आरक्षक नवलेश कश्यप (25 वर्ष) की लाश आज सुबह टाकरागुड़ा के जंगल में एक पेड़ से लटकी हुई मिली. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है. इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और पुलिस विभाग में भी शोक की लहर है.जानकारी के अनुसार, आरक्षक नवलेश कश्यप लोहंडीगुड़ा का निवासी था और पहले डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) में तैनात था. बाद में उसकी पोस्टिंग बड़ाजी थाने में की गई थी. बताया जा रहा है कि वह कुछ दिनों से डिप्रेशन में था, हालांकि इसके पीछे के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल सका है. मृतक के परिजनों और दोस्तों से पूछताछ में भी आत्महत्या के कारणों को लेकर कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है.

घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस जांच शुरू कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर नवलेश ने यह कदम क्यों उठाया. परिजनों और दोस्तों से पूछताछ जारी है।

हरियाणा से लाकर ओडिशा के होटलों में करता था सप्लाई

# छत्तीसगढ़ का युवक शराबी तस्करी में एमपी से गिरफ्तार

रायपुर। आरपीएफ ने छत्तीसगढ़ के एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है जो हरियाणा से शराब लाकर ओडिशा के होटलों में सप्लाई करता था। आरपीएफ ने उसके दो बैग से हजारों रुपए की महंगी शराब बरामद की है। यह शराब अलग-अलग ब्रांड की है। आरोपी सुरेंद्र कुमार अहिल्या छत्तीसगढ़ का रहने वाला है।

आरोपी युवक उत्कल एक्सप्रेस से ओडिशा जा रहा था। इसका भारी भरकम बैग देखकर आरपीएफ के चेकिंग दस्ते को कुछ शक हुआ। इसके बाद उसके बैग की तलाश ली गई तो दो अलग-अलग बैगों में विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब रखी हुई थी। आरपीएफ ने उसके बैग से टोटल 32 बोतल शराब को बरामद किया हैं। प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया कि वह छत्तीसगढ़ का रहने वाला और हरियाणा में शराब सस्ती है इसलिए वह हरियाणा से शराब लाता था। ट्रेन के जरिए उस शराब को ओडिशा में सप्लाई करता था। शराब की तस्करी वह लंबे अरसे से करते आ रहा है लेकिन इस बार पकड़ा गया। आरपीएफ ने पूछताछ के बाद सुरेंद्र कुमार को आबकारी विभाग के सुपुर्द कर दिया है। वहीं आबकारी विभाग ने युवक से मिली शराब को जब्त कर उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



# रानू, सौम्या, सूर्यकांत समेत अन्य आरोपियों की जेल में मनेगी होली, 19 मार्च तक बढ़ी न्यायिक रिमांड

संवाददाता ● बस्तर

छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित जिला खनिज निधि घोटाला मामले में आरोपी रानू साहू, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, माया वारियर और मनोज द्विवेदी को अउइ-एडह की विशेष कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए सभी आरोपियों की न्यायिक रिमांड 19 मार्च तक बढ़ा दी है. जिसके चलते अब यह सभी आरोपी होली का त्योहार जेल में ही मनाएंगे.प्रदेश सरकार की ओर से जारी की गई जानकारी के मुताबिक, ईडी की रिपोर्ट के आधार पर एडह ने धारा 120 बी 420 के तहत केस दर्ज किया है. केस में यह तथ्य सामने आया है कि डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड कोरबा के फंड से अलग-अलग टेंडर आवंटन में बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया है. टेंडर भरने वालों को अवैध लाभ पहुंचाया गया. जांच रिपोर्ट में यह पाया गया है कि टेंडर की राशि का 40% सरकारी अफसर को कमीशन के रूप में दिया गया है. प्राइवेट कंपनियों के टेंडर पर 15 से 20% अलग-अलग कमीशन सरकारी अधिकारियों ने ली है. एऊने अपनी जांच रिपोर्ट में पाया था कि क्अर अफसर रानू साहू और कुछ अन्य अधिकारियों ने अपने-अपने पद का गलत इस्तेमाल किया.





!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, बुधवार, 12 मार्च, 2025
www.adityabharat.com





नई दिल्ली, भारत। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स के उद्घाटन समारोह के दौरान सेना के कैडेट मार्शल आर्ट कलरीपयट्टू का प्रदर्शन करते हुए।

## शॉट न्यूज

### 154 किलो की मां के वजन से 10 साल के बेटे की मौत

**न्यूयॉर्क** । अमेरिका में 150 किलो से ज्यादा वजनी महिला के ऊपर बैठने के कारण 10 साल के बेटे की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। खबर है कि महिला फॉस्टर यानी बच्चे की पालक मां थी। वहीं, महिला ने भी बच्चे के ऊपर बैठने की बात स्वीकार की है। 10 साल के बच्चे की पहचान डकोटा लिवाई स्टीवन्स के तौर पर हुई है। वह इंडियाना का रहने वाला था। वहीं, महिला की पहचान 48 साल की जेनिफर ली विल्सन बताई जा रही है, जिसका वजन करीब 154 किलो है।

### गुजरात में बच्ची की कुल्हाड़ी से हत्या, मंदिर में चढ़ाया खून

**बोडेली** । गुजरात के छोटा उदयपुर जिले में नरबलि के एक संदिग्ध मामले में सोमवार को एक व्यक्ति ने पांच साल की बच्ची की कथित रूप से गला रेतकर हत्या कर दी और उसका खून मंदिर की सीढ़ियों पर चढ़ाया। सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) गौरव अग्रवाल ने बताया कि आदिवासी बहुल उदयपुर जिले के पनेज गांव में लाला ताड़वी ने सुबह बच्ची को उसकी मां की मौजूदगी में उसके घर से अगवा कर लिया। ताड़वी बच्ची को अपने घर ले गया और कुल्हाड़ी से उसके गले पर वार किया।

### असम में फिर पकड़े गए 4 बांग्लादेशी घुसपैठिए

**गुवाहाटी** । असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि सोमवार को फिर बांग्लादेश के चार घुसपैठियों को पकड़ा गया। इसके बाद उन्हें पड़ोसी देश भेज दिया गया है। पकड़े गए घुसपैठियों की पहचान अब्दुल कबीर, बोधिउर रहमान, मोहम्मद तैयब और अब्दुल कलाम के रूप में हुई है। सीएम ने इससे पहले दावा किया था कि पिछले सात महीनों में बांग्लादेश से 305 घुसपैठियों को पकड़ा गया है और उनके देश वापस भेजा गया है। राज्य सरकार घुसपैठ मुक्त असम के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले साल पड़ोसी देश में अशांति शुरू होने के बाद से बीएसएफ ने पूर्वोत्तर में 1885 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी चौकसी बढ़ा दी है।

### रायपुर से रांची लाने के दौरान पलामू की घटना

# झारखंड का सबसे बड़ा गैंगस्टर अमन साहू एनकाउंटर में ढेर

**एजेंसी ● रांची**

**घटना**

झारखंड के पलामू में गैंगस्टर अमन साहू का एनकाउंटर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, अमन साहू पिछले तीन महीने से रायपुर की जेल में बंद था। रांची के बरियातू में कोयला कारोबारी पर हुए हमले और हजारीबाग में एनटीपीसी डीजीएम के मर्डर मामले में पूछताछ करने के लिए अमन साहू को रायपुर से रांची लाया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस की गाड़ी पलामू के चैनपुर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद अमन साहू पुलिस का हथियार छीन कर भागने लगा। पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो उसने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पलामू जिले के चैनपुर के अंधारी ढोडा के पास गोली लगने से झारखंड के सबसे बड़े गैंगस्टर अमन साहू की मौत हो गई।

### चलाता था मोबाइल दुकान

झारखंड की राजधानी रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव के रहने वाले अमन साहू के दादा हरिदास साहू मतवे में खेती-बाड़ी करते थे, लेकिन उसके पिता निरंजन साहू यहां से पतरातू चले गये। वहां एक दुकान खोल ली। इंटर की पढ़ाई करने के बाद अमन साहू ने पतरातू में ही वर्ष 2008 में मोबाइल की दुकान खोली। इसी दौरान वह सुशील श्रीवास्तव और भोला पांडेय गिरोह के संपर्क में आ गया। पैसे कमाने की लालच में वह आपराधिक गिरोह में सक्रिय हो गया।

### सीमेंट फैक्ट्री में फायरिंग

बर्नपुर सीमेंट फैक्ट्री में फायरिंग करने के आरोप में पहली बार अमन साहू को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसे 10 माह तक जेल में रहना पड़ा। जेल से निकलने के बाद अमन साहू को इस बात का अहसास हुआ कि वह सुशील श्रीवास्तव और भोला पांडेय से बड़ा गिरोह चला सकता है। इसके बाद उसने इन दोनों का साथ छोड़कर अपना गैंग तैयार कर लिया।





### विश्नोई गैंग के लिए काम

उसने व्यापारियों और ठेकेदारों से वसूली शुरु कर दी। देखते ही देखते अमन साहू गिरोह का विस्तार होता चला गया। शुरु में उसने हजारीबाग और रामगढ़ जिले में अपराध को अंजाम देना शुरु किया। बाद में उसने रांची, पलामू, लातेहार तक अपने पैर पसार लिये। वह झारखंड तक ही सीमित नहीं रहा। लॉरेंस विश्नोई गैंग के लिए भी काम करने लगा। गैंगस्टर अमन साहू पुलिस के लिए भी बड़ी चुनौती बन गया।

### तीन गाड़ियों का काफिला

सुबह का वक्त था। छत्तीसगढ़ की रायपुर जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू को झारखंड लाने के लिए झारखंड एसटीएफ का दस्ता, पुलिस की एक बुलेरो और दो स्कॉर्पियो कार का एक काफिला रायपुर जेल के बाहर मौजूद था। कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद एक स्कॉर्पियो में अमन साहू को एसटीएफ के दो हथियारबंद जवानों के बीच बैठाया गया। उस कार के आगे पुलिस की एक बुलेरो चल रही थी ।


### सड़क पर पेड़ डालकर छुड़ाने की कोशिश

अमन साहू को लेकर ये काफिला रायपुर से निकल कर झारखंड बॉर्डर की तरफ बढ़ते हुए अपने राज्य झारखंड की सीमा में दाखिल होता है। ये सीमावर्ती इलाका पलामू जिले में आता है। काफिल जैसे ही चैनपुर इलाके में दाखिल होता है तभी अचानक रास्ते में एक एक कर तीनों गाड़ियों के ब्रेक लग जाते हैं। सूत्रों के मुताबिक, सड़क पर एक पेड़ गिरा हुआ था। इससे पहले कि एसटीएफ के जवान कुछ समझ पाते। अचानक बीच वाली गाड़ी में हलचल होती है। बताया जा रहा है कि एसटीएफ के काफिले को रोकना अमन साहू के गुर्गों की साजिश थी। वो अमन साहू को छुड़ाकर ले जाने फिराक में थे। जब पुलिस ने मौका-ए-वारदात पर सर्च ऑपरेशन चलाया तो वहां से दो बम भी बरामद हुए हैं।

# सऊदी अरब में सजने लगा यूक्रेन शांति दरबार

**एजेंसी ● रियाद**

सऊदी अरब में यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए एक नया कूटनीतिक मंच सजने लगा है। कुछ देर में अमेरिकी अधिकारियों और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल के बीच शांति वार्ता को महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। इस बैठक का उद्देश्य यूक्रेन रूस में शांति वार्ता का मंच तैयार करना है। इस बीच, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रूसी नागरिकों को चेताया है कि वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया फैसलों को लेकर अंधविश्वास न पालें। मॉस्को के हायर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में बोलते हुए, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने लोगों को एलन मस्क द्वारा यूक्रेनी सेना के लिए अपने स्टारलिंक संचार प्रणाली को बंद करने की धमकी या ट्रंप के



पिछले हफ्ते कीव को सैन्य सहायता निलंबित करने के फैसले को लेकर उत्साहित होने के खिलाफ सावधान किया। पेसकोव ने कहा, "ट्रंप के फैसले को गुलाबी चश्मा पहनने की जल्दी न करें। हमें हमेशा सर्वश्रेष्ठ की उम्मीद करनी चाहिए लेकिन सबसे खराब के लिए तैयार रहना चाहिए। हमें हमेशा अपने हितों की रक्षा के लिए तैयार रहना चाहिए। पेसकोव ने यह चेतावनी ऐसे समय में दी जब अमेरिकी अधिकारी मंगलवार को सऊदी अरब में एक यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल से मिलने की तैयारी कर रहे थे।

### इजरायल में पीएम के खिलाफ चरम पर गुस्सा

# 'प्राइम मिनिस्टर नहीं क्राइम मिनिस्टर', इस्तीफे की मांग

**एजेंसी ● तेल अवीव**

**नया सर्वे**

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ उनके ही देश में असंतोष चरम पर पहुंच गया है। इसकी बानगी एक सर्वे में देखने को मिली, जिसमें करीब तीन चौथाई इजरायली नागरिकों का कहना है कि पीएम नेतन्याहू को 7 अक्टूबर, 2023 की घटनाओं की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इजरायल डेमोक्रेसी इंस्टीट्यूट द्वारा रविवार को जारी किए गए मासिक सर्वे के नतीजों के अनुसार लगभग 75 फीसदी इजरायलियों का मानना है कि नेतन्याहू को अब अपना पद छोड़ देना चाहिए। टाइम्स ऑफ इजरायल की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि फरवरी महीने के लिए, किए गए एइजरायली वॉयस इंडेक्स (जो जनता की राय का एक मासिक सर्वेक्षण है) के सर्वे में 48 फीसदी लोगों का कहना है कि नेतन्याहू को तुरंत अपना पद छोड़ देना चाहिए, जबकि 24.5 फीसदी लोगों का मानना है कि गाजा में युद्ध की समाप्ति के बाद उन्हें पीएम पद छोड़ देना चाहिए। इसके अलावा 14.5 फीसदी लोगों का कहना है कि उन्हें इस्तीफा दिए बिना और पद पर बरकरार रहते हुए गाजा से निपटने की जिम्मेदारी पूरी करनी चाहिए। हालांकि, 10 फीसदी लोग ऐसे भी हैं, जिनका कहना है कि नेतन्याहू को अब न तो जिम्मेदारी निभाने की जरूरत है और न ही इस्तीफा देने की जरूरत है।

**नेतन्याहू को लेनी चाहिए जिम्मेदारी** - कुल मिलाकर देखें तो इस सर्वे में पाया गया है कि कुल 72.5% लोगों का मानना है कि नेतन्याहू को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और अभी या युद्ध के बाद इस्तीफा दे देना चाहिए, जबकि 87% लोगों का मानना है कि उन्हें 7 अक्टूबर की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।




### यहूदियों में भी भारी रोष

जहां तक बात रही यहूदियों की तो 45% यहूदी उत्तरदाताओं का मानना है कि नेतन्याहू को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए, जबकि 59% अरबों का मानना है कि नेतन्याहू को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। यह यहूदियों की तुलना में काफी ज्यादा है। ये सर्वे 25 से 28 फरवरी के बीच कराए गए थे। 73 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने इस बात पर अपनी सहमति जताई कि इजरायल को हमास के साथ युद्ध विराम/बंधक वापसी समझौते के दूसरे चरण में आगे बढ़ना चाहिए। इस समझौते में दुश्मनी की पूर्ण समाप्ति, गाजा से वापसी और सभी बंधकों की रिहाई के बदले में फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई शामिल है। गाजा पर समझौते से जुड़े सवाल के उत्तरदाताओं में नेतन्याहू की अपनी लिकुड पार्टी के 61.5% मतदाता शामिल थे। हालांकि समझौते को जारी रखने के लिए समर्थकों की संख्या अन्य गठबंधन दलों के मतदाताओं के बीच विरोधियों से ज्यादा है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)